दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 09 | जयपुर, सोमवार, 18 दिसंबर, 2023 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष- षष्ठी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**प्रशासनिक ढांचे में फेरबदल की तैयारियां:** मुख्य सचिव सहित कई महकमों में लगने वाले अफसरों को लेकर शुरू हुई कवायद

# दिल्ली प्रतिनियुक्ति पर लगे IAS अफसर भी CS की दौड़ में!

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के साथ ही मुख्यमंत्री ने पहले ही दिन से प्रशासनिक फेरबदल कर बड़ा संकेत दे दिया है। शपथ लेने के दूसरे ही दिन सीएम भजनलाल शर्मा ने सीएमओ से चार अधिकारियों को एपीओ किया तथा तीन आईएएस अफसरों की नियुक्ति अस्थाई तौर पर की। प्रशासनिक बदलाव को लेकर सीएम भजनलाल शर्मा ने आलाकमान को अपनी रिपोर्ट दे दी है। प्रदेश के प्रशासनिक मुखिया यानी मुख्य सचिव की नियुक्ति को लेकर भी कवायद शुरू हो चुकी है। सरकार की मंशा दिल्ली में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए राजस्थान काडर के अफसरों को पुनः प्रदेश में लाने की है। दिल्ली में प्रतिनियुक्ति पर लगे अफसरों के नामों पर चर्चा जारी है। सूत्रों की माने तो जल्द ही प्रदेश में मुख्य सचिव के अलावा अन्य प्रमुख विभागों के लिए अफसरों का चयन कर लिया जाएगा। उधर, प्रदेश में मुख्य सचिव की नियुक्ति को लेकर कई आईएएस अधिकारी कतार में है। इनके रिपोर्ट कार्ड को लेकर खाका भी तैयार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार रविवार को अपने दिल्ली दौरे में सीएम भजनलाल ने इस कवायद को लेकर बीजेपी आलाकमान से भी चर्चा की है।



### मुख्य सचिव की रेस में इन अफसरों के नाम

प्रदेश में वर्तमान में मुख्य सचिव उषा शर्मा 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो जाएगी। इसके बाद नए बनने वाले मुख्य सचिव की रेस में कई आईएएस अधिकारियों के नाम लगातार चर्चा में हैं। इनमें मुख्य रूप से वी. श्रीनिवासन, सुधांश पंत, संजय मल्होत्रा के अलावा रजत कुमार मिश्रा के नाम सबसे ऊपर है। ये सभी अफसर अभी दिल्ली में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापित है, जिन्हे प्रदेश में कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है।

### कांग्रेस राज में लगे कलेक्टर्स भी बदलेंगे

पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के शासनकाल में विभिन्न जिलों में लगे कलेक्टर्स भी बदले जाएंगे। जल्द ही इनकी सूची जारी हो सकती है। प्रशासनिक ढांचे में यह परिवर्तन शीघ्र ही देखने को मिल सकते हैं। इसके अलावा प्रदेश में अभी मंत्रिमंडलन का गठन भी होना है। गठन के बाद मंत्रियों के पीएस व अन्य विभागों के महत्वपूर्ण पदों पर भी भाजपा सरकार अपने पसंद के अधिकारियों की नियुक्ति कर सकती है।

### महिला को भी सौंपी जा सकती है कमान

चर्चा यह भी है कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की भांति भजनलाल सरकार भी सीएस के लिए किसी महिला अफसर को आगे ला सकती है। वर्तमान सीएस उषा शर्मा के सेवानिवृत्त होते ही एसीएस शुभ्रा सिंह अब वरियता लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ जाएंगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दो बार कुशल सिंह और उषा शर्मा बतौर महिला आईएएस अफसर मुख्य सचिव रही हैं।

## जरूरी खबर

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 23 दिसंबर को आएंगी पोखरण



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए 18 से 23 दिसंबर तक पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और राजस्थान का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू 23 दिसंबर को राजस्थान के पोखरण में 'लाइव फायरिंग' अभ्यास देखेंगी। राष्ट्रपति भवन के बयान के मुताबिक राष्ट्रपति 18 दिसंबर को पश्चिम बंगाल में (आईआईटी) खड़गपुर के 69वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। वे 19 दिसंबर को हैदराबाद पब्लिक स्कूल सोसाइटी के शताब्दी समारोह में हिस्सा लेंगी। 20 दिसंबर को तेलंगाना के पोचमपल्ली में हथकरघा और कताई इकाई के साथ-साथ कपड़ा मंत्रालय के थीम मंडप का दौरा करेंगी। 21 दिसंबर को राष्ट्रपति निलयम में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगी।

### नागपुर: विस्फोटक फैक्टरी में धमाका 9 लोगों की मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में विस्फोटक बनाने वाली एक फैक्टरी में रविवार को विस्फोट होने से नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, धमाका रविवार सुबह करीब 9.30 बजे बजरगांव इलाके में स्थित सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड में हुआ। जब धमाका हुआ तो सोलर कंपनी की यूनिट के अंदर कुल 12 कर्मचारी मौजूद थे। यह विस्फोट कंपनी के कास्ट बूस्टर प्लांट में हुआ। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे कंपनी मालिक सत्यनारायण नुवाल ने बताया कंपनी के अंदर सुबह करीब सुबह साढ़े नौ बजे कोल ब्लास्टिंग के लिए बारूद की पैकिंग हो रही थी। इसी दौरान किसी पैकेट में ब्लास्ट हो गया।

**दिल्ली दौरे पर सीएम:** मुर्मू, राजनाथ- नड्डा और शाह से की मुलाकात

# 'भजन कैबिनेट' पर कवायद नड्डा के घर पर मंथन

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री पद की शपथ के बाद सीएम भजनलाल शर्मा पहली बार रविवार को दिल्ली पहुंचे। उनके साथ डिप्टी सीएम दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा भी गए हैं। तीनों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इसके बाद जेपी नड्डा से मिले। नड्डा के घर पर करीब डेढ़ घंटे बैठक चली।

सीएम की मुलाकात को नए मंत्रिमंडल के गठन से जोड़ कर देखा जा रहा है। यह भी बताया जा रहा है कि सीएम ने मंत्रिमंडल के गठन में संभावित नामों को लेकर नड्डा से लंबी चर्चा की।

हालांकि किस नाम पर मुहर लगी ये सामने नही आया है। सीएम के दिल्ली पहुंचने के दौरान ही प्रदेश भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता भी वहां मौजूद थे, जिन्होंने भी बीजेपी आलाकमान के कई नेताओं से मुलाकात की है। प्रदेश से वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ और डॉ. किरोड़ीलाल मीणा सहित कई नेता दिल्ली में मौजूद थे।

### मंत्रिमंडल गठन को लेकर नड्डा के घर डेढ़ घंटे चली बैठक

### नई सरकार में बन सकते हैं 20 विधायक मंत्री



### पहले चरण में 20 MLA बन सकते हैं मंत्री

दिल्ली में सीएम भजनलाल शर्मा बीजेपी हाईकमान से मुलाकात कर मंत्रिमंडल गठन को लेकर चर्चा की। नड्डा के यहां चली बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सीएम भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, सह प्रभारी विजया राहटकर, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, राजेंद्र राठौड़, सतीश पूनिया सहित प्रदेश बीजेपी के अन्य नेता मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि पहले चरण में करीब 20 विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। इनमें से कई नामों पर सहमति भी बना ली गई है।

### लोकसभा चुनाव में फायदे के लिए क्षेत्रीय संतुलन पर फोकस

जानकारी के अनुसार सीएम की नड्डा से मुलाकात के दौरान मंत्रिमंडल गठन में क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। पार्टी का मानना है कि ऐसा होने से आगामी लोकसभा चुनाव में फायदा मिल सकता है। दूसरी ओर मंत्रिमंडल में अनुभव और युवा का सामंजस्य देखने को मिल सकता है।



कर्म ही पूजा...

## रेवासा धाम पहुंचे विनायक... लिया आशीर्वाद



**सीकर।** रैवासा धाम सीकर में विवाह पंचमी के मौके पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और माता जानकी की विवाह वर्षगांठ मनाई गई। इस मौके पर रेवासा पीठाधीश्वर स्वामी राघवाचार्य जी महाराज के सानिध्य और पंडित महेश दत्त जी गुरुजी की मौजूदगी में धूमधाम से भजन सत्संग का आयोजन हुआ। खास कार्यक्रम में सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने भी शिरकत की। विनायक शर्मा ने रेवासा धाम के दर्शन कर पीठाधीश्वर स्वामी राघवाचार्य जी महाराज से आशीर्वाद भी लिया। **-फोटो: पंकज शर्मा**



**अर्शदीप की आंधी में उड़ा दक्षिण अफ्रीका**

# भारत ने जीत से की वनडे सीरीज की शुरुआत

**एजेंसी | जोहानिसबर्ग**



श्रेयस अय्यर 52 (45)

साई सुदर्शन 55 (43)

भारत ने तीन मैचों की सीरीज के पहले वनडे में रविवार को साउथ अफ्रीका को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी और सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। वह 27.3 ओवर में 116 रन पर ही आउट हो गई। अर्शदीप सिंह ने पांच विकेट लिए। इसके बाद 16.4 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए साई सुदर्शन (नाबाद 55) और श्रेयस अय्यर (52) ने अर्धशतकीय पारियां खेली। इस जीत से टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली।

**अर्शदीप सिंह**

5 विकेट/ 37 रन/ 10 ओवर



## CWC की मीटिंग 21 को, प्रदेश संगठन में बदलाव की कवायद




**बेधड़क | जयपुर**

तीना राज्यों में हार के बाद अब कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव में नए जोश व उत्साह के साथ उतरने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 21 दिसंबर को सीडब्ल्यूसी की मीटिंग बुलाई है। इसमें आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति और संगठन निर्णय पर चर्चा होगी। प्रदेश में विधानसभा चुनाव में हार के बाद अब संगठन में बदलाव की कवायद शुरू कर दी है। कांग्रेस आलाकमान ने प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष व पीसीसी चीफ के नामों को लेकर मंथन शुरू कर दिया है। जल्द ही नेता प्रतिपक्ष व पीसीसी चीफ के नाम की घोषणा हो सकती है।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में होने वाली यह मीटिंग इंडिया गठबंधन की बैठक के दो दिन बाद होगी।कार्य समिति की बैठक में अगले साल होने वाले चुनावों से पहले राहुल गांधी द्वारा बेरोजगारी और महंगाई को मुख्य मुद्दा बनाकर निकाली जाने वाली यात्रा पर भी चर्चा संभव है। **पेज 7 भी देखें**

**चुनावों में मिली हार पर होगा मंथन:** सीडब्ल्यूसी की बैठक में हाल के विधानसभा चुनाव परिणामों का भी विश्लेषण किया जाएगा। इसमें उसे हिंदी भाषी राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में हार का सामना करना पड़ा था। इसमें हार के कारणों और 2024 के चुनावों के लिए आगे की राह पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

**पुलिस का एक्शन... एक अरेस्ट**

# जयपुर में छापे 10 करोड़ के नकली नोट..., सालभर में प्रदेश में खपाए

- संभवतया जाली नोट की देश की अब तक की यह सबसे बड़ी कार्रवाई
- जयपुर, जोधपुर, बीकानेर और झुंझुनूं में खपाए सर्वाधिक नकली नोट
- 500, 200 और 100 रुपए के छापे थे नकली नोट

**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी जयपुर में 10 करोड़ रुपए के नकली नोट छापकर झुंझुनूं सहित प्रदेशभर में खपाने का मामला सामने आया है। झुंझुनूं के चिड़ावा में डीएसटी और चिड़ावा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही के बाद यह चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसके गिरोह के लोगों ने 10 करोड़ के नकली नोट छापकर प्रदेश में खपाए हैं। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और मास्टर मांइड की तलाश की जा रही है, जो जोधपुर का रहने वाला है। हालांकि, माना जा रहा है कि संभवतया देश में यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। पूछताछ में अमित कुमार ने बताया कि लंबे समय से वह अपने गिरोह के लोगों के साथ जयपुर में बैठकर नकली नोट छाप रहा था। 500 के अलावा 200 और 100 रुपए के नकली नोट भी छापे गए थे। जिन्हें प्रदेशभर में खपाया गया और अब तक 10 करोड़ के नकली नोट चला चुका है। पूछताछ में सामने आया कि है कि जयपुर, जोधपुर, बीकानेर और झुंझुनूं में सर्वाधिक नकली नोट खपाए गए। इस खुलासे के बाद अब झुंझुनूं की जिला स्पेशल टीम लगातार मामले की जांच में जुटी हुई है। गौरतलब है कि झुंझुनूं डीएसटी और पुलिस थाना चिड़ावा ने शनिवार को संयुक्त कार्यवाही करते हुए नकली नोट चलाते एक बदमाश को पकड़ा है। उसके पास से 500-500 रुपए के 22 नकली नोट जप्त किए गए थे।



### झुंझुनूं में 10 दिन में खपा दिए 5 लाख

अमित कुमार पुत्र हवासिंह जाट पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और पिलानी के पास खुडानिया गांव का रहने वाला है। वह जयपुर में बैठकर नकली नोट छापता था। साथ ही पुलिस ने दो अन्य को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पूछताछ में सामने आया कि अमित अपने गिरोह की मदद से सालभर में 10 करोड़ से ज्यादा के नकली नोट छापकर पूरे प्रदेश में खपा चुका है। इतना ही नहीं, आरोपी अकेले झुंझुनूं जिले में ही 10 दिन पांच लाख रुपए के नकली नोट खपा चुका है।

### युवाओं को ऐसे अपने जाल में फंसाते थे आरोपी

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 25 हजार रुपए में 1 लाख रुपए के नकली नोट देकर युवाओं को लालच दिया जाता था। इन नोटों को जयपुर से लाकर शराब ठेकों, पेट्रोल पंप व दुकानों पर सामान खरीदने के बहाने खपाए जाते थे। जल्द मालामाल होने के लालच में नशे की प्रवृत्ति वाले व बदमाश किस्म के युवा इनके चंगुल में आ जाते हैं।

### ऐसे हुआ गिरोह का भंडाफोड़

पुलिस के मुताबिक आरोपी अमित कुमार शनिवार को चिड़ावा में पिलानी चौराहे पर नकली नोट चला रहा था। तभी दुकानदार की सूचना पर झुंझुनूं डीएसटी और चिड़ावा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को 500-500 के 22 नोटों के साथ गिरफ्तार किया था। दो अन्य लोग भी पकड़ में आए और जयपुर में दबिश देकर करीब 10 लाख रुपए के नकली नोट व नोट छापने वाली मशीन पकड़ी है। इसका मास्टर माइंड जोधपुर निवासी युवक है, जो अभी पुलिस गिरफ्त से दूर है।

## जरूरी खबर

### कांग्रेस अपने सांसदों से मांगें चंदा: पूनावाला



**बेधड़क, जयपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस पर डोनेशन फॉर देश अभियान से फंड एकत्रित करने की शुरुआत पर भाजपा नेता ने तंज कसा है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस के डोनेशन फॉर देश अभियान पर तंज कसते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि कांग्रेस देश से लूटकर अब देश से मांग रहे हैं? धीरज साहू से मांग लीजिए ना! 1 एमपी से 350 करोड़ मिले तो 52 सांसद...कितने मिलेंगे। जयराम रमेश कहते हैं कि हमसे धीरज साहू के पैसों के बारे में क्यों पूछ रहे हैं? हम क्यों उनकी गारंटी लें? जबकि धीराज साहू से कांग्रेस का पुराना नाता है।

### मुख्यमंत्री शर्मा आज सचिवालय में लेंगे बैठक

**बेधड़क, जयपुर।** प्रदेश के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को अधिकारियों के साथ अपनी पहली बैठक करेंगे। यह बैठक सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में शाम 5 बजे बुलाई गई है। जिसमें सभी प्रशासनिक विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रमुख शासन सचिव और सचिव शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार बैठक के बाद प्रदेश के प्रशासनिक अधिकारियो में बड़े बदलाव भी कर दिए जाएंगे। हालांकि शनिवार को ही मुख्यमंत्री ने चार आईएएस अफसर को एपीओ करने के आदेश जारी करवा दिए। यह सभी अधिकारी पूर्व सीएम अशोक गहलोत के कार्यकाल में सीएमओ में तैनात थे।

### बिजनेसमैन बढ़ाते हैं रोजगार का ग्राफ: सिंह



**बेधड़क, जयपुर।** पीएम मोदी के स्वदेशी रोजगार से प्रेरित होकर प्रदेश में बिजनेसमैन ओपेश सिंह लगातार नए बिजनेसमैन तैयार कर रहे हैं। ज्यादा रोजगार पैदा करने के मिशन को लेकर भारतीय बाजार यानी 'लोकल टू ग्लोबल' का सपना साकार करने की पहल की जा रही हैं। ओपेश ने कहा है कि बिजनेसमैन कई लोगों को नौकरियां देते हैं, जिससे रोजगार का ग्राफ बढ़ता है। उनका फाउंडेशन लगातार असहाय और कमजोर बच्चों की शिक्षा के साथ उनकी बेहतर लाइफस्टाइल बनाने का प्रयास कर रहा है। फाउंडेशन ने आधार इंस्टीट्यूट को 21 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी है।

## गहलोत सरकार में नियुक्त किए गए विभिन्न बोर्ड, निगम एवं आयोग के पदाधिकारियों को किया कार्य मुक्त

# कांग्रेस की राजनीतिक नियुक्तियों पर नई सरकार की गाज

बेधड़क | जयपुर

भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय बने बोर्ड, निगम, आयोग व समितियों को भंग किया है। प्रशासनिक सुधार विभाग के इसके आदेश जारी किए हैं।

रविवार को संयुक्त शासन सचिव ने एक आदेश जारी कर कांग्रेस सरकार के दौरान गठित सभी बोर्ड, निगम, आयोग, टास्क फोर्स, राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय समितियों को भंग कर दिया है। कांग्रेस सरकार के दौरान गठित सभी बोर्ड, निगम, आयोग, टास्क फोर्स, राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय समितियों को भंग कर दिया है। इनमें मनोनीत गैर सरकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की सेवाएं भी समाप्त कर दी गई हैं। जारी आदेश में लिखा गया है कि राज्य सरकार के अधीन विभाग की ओर से राज्य एवं जिला स्तरीय समिति, आयोग, निगम, बोर्ड, टास्क फोर्स इत्यादि में गैर सरकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों का मनोनयन किया हुआ है एवं सलाहकार के रूप में गैर सरकारी सदस्यों की सेवाएं ली जा रही हैं, उन्हें तुरंत प्रभाव से समाप्त किया जाए।

इसके साथ ही सेवाएं समाप्त करने के आदेश के प्रति को मुख्यमंत्री कार्यालय और प्रशासनिक सुधार विभाग के भेजने का निर्देश दिया गया है। जिन प्रकरणों में वैधानिक दृष्टि से निरस्त करना संभव नहीं है, उनकी पत्रावलियां भी मांगी गई है। उल्लेखनीय है कि गत शनिवार को ही प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष रीको जयपुर कुलदीप रांका, सचिव मुख्यमंत्री एवं शासन सचिव सूचना एवं जनसंपर्क विभाग गौरव गोयल एवं सचिव मुख्यमंत्री आरती डोगरा तथा विशिष्ठ सचिव मुख्यमंत्री एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजस्थान स्टेट सर्विस डिलिवरी वार रुम राजन विशाल को आगामी आदेशों तक पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षा में रखा गया।

### अब भाजपा सरकार में बोर्ड और आयोगों में होंगी नई नियुक्तियां



### इन बोर्डों के अध्यक्ष और सदस्यों को हटाया

आदेश के तहत आरटीडीसी, राज्य वन विकास निगम, राज्य भंडार गृह निगम, जीव जंतु कल्याण बोर्ड, राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम, राज्य खनिज विकास निगम, अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम, राज्य पाठ्य पुस्तक निगम, हज कमेटी, राज्य अल्पसंख्यक आयोग, राज्य गौ-सेवा आयोग, राज्य महिला आयोग, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग और राज्य खाद्य आयोग समेत अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण की भी सभी राजनीतिक नियुक्तियां रद्द कर दी गई हैं।

### इनकी सेवाएं भी की समाप्त

इनके साथ ही अनुसूचित जाति प्राधिकरण, राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण, जयपुर विकास प्राधिकरण, राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स), राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, राज्य गृह निर्माण मंडल, राज्य हस्तशिल्प विकास बोर्ड, श्रम कल्याण बोर्ड राज्य वनौषधि पादप बोर्ड, वक्फ बोर्ड और वक्फ विकास निगम जैसे बोर्ड, आयोग और समितयों में की गई नियुक्तियां भी समाप्त कर दी गई हैं।

### पत्रावली सीएमओ में मंगवाई

अब आयोगों और बोर्डों में नई सरकार अपने हिसाब से नियुक्तियां करेगी. इस आदेश में एक खास बात ये कही गई है कि जिनकी सेवा वैधानिक दृष्टि से समाप्त होना संभव नहीं है उनकी पत्रावली सीएमओ ने भेजी जाए. हालांकि इन नियुक्तियों को ज्यादा समय नहीं है. बहुत सी नियुक्तियों में कार्यकाल भी काफी बचा था. लेकिन राजस्थान में अब सत्ता परिवर्तन हो गया है लिहाजा ये नियुक्तियां रद्द कर दी गई हैं।

## राजस्थान के सीएम व डिप्टी सीएम का पहला दिल्ली दौरा

# जनमानस के सपनों को साकार करेगी प्रदेश की नई टीम: सिंह

बेधड़क | जयपुर

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विश्वास जताया है कि राजस्थान की नई सरकार जनता के सपनों को साकार करेगी। राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से रविवार को मुलाकात की। इस दौरान डिप्टी सीएम दीया कुमारी और डिप्टी सीएम प्रेमचंद भैरवा भी उनके साथ मौजूद रहे।


इस मुलाकात के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह टीम राजस्थान की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करेगी। राजस्थान के सीएम और डिप्टी सीएम से मुलाकात के बाद राजनाथ सिंह ने "एक्स' पर इससे जुड़ी तस्वीरें शेयर की हैं।

राजनाथ सिंह ने लिखा, राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम दीया कुमारी जी और प्रेमचंद भैरवा जी से दिल्ली में आज मुलाकात की। बता दें कि प्रदेश में भाजपा की नई सरकार बनने के बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा दो डिप्टी सीएम दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा के साथ दिल्ली पहुंचे थे। दिल्ली पहुचंने के बाद सीएम भजन लाल शर्मा समेत दोनों डिप्टी सीएम ने कई बड़े नेताओं से मुलाकात की है। दिल्ली पहुंचते ही उनका स्वागत किया गया। इसके बाद सभी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की।

उन्होंने राजनीति पर सीएम भजन लाल शर्मा से चर्चा की। वहीं, मीटिंग के लिए सभी बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर पहुंचे ।

### दिल्ली पहुंचने पर भजनलाल, दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा का स्वागत





### एसएमएस पहुंचे सीएम

प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने रविवार को दिल्ली दौरे से पहले एसएमएस अस्पताल का भी दौरा किया। गौरतलब है कि एसएमएस अस्पताल में सीएम शर्मा के पिता यूरिन की समस्या को लेकर दो दिन पहले भर्ती किए गए थे। सीएम शर्मा रविवार सुबह अपने पिता की स्वास्थ्य की जानकारी लेने के बाद दिल्ली दौरे पर रवाना हुए। इससे पहले सीएम शर्मा ने रविवार सुबह अपने अस्थायी निवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। विभिन्न सामाजिक संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने के बाद शर्मा का अभिनंदन किया गया।

### प्रशासनिक बदलाव संभव

प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद अब मुख्यमंत्री केंद्रीय नेताओं और आलाकमान से मुलाकात करने के बाद सियासी रणनीति के साथ प्रशासनिक फेरबदल किया जा सकता है। गौरतलब है कि हर बार सरकार बदलने के बाद प्रशासनिक अमलो में भी भारी बदलाव किया जाता है। ऐसे में अब प्रदेश में भी भारी संख्या में प्रशासनिक स्तर पर बदलाव किया जा सकता हैं। वहीं केंद्र में डेपोटेशन चल रहे कई अफसरों की भी किस्मत खुल सकती हैं।

### प्रदेश में बाकी है कैबिनेट का विस्तार

बीजेपी ने राजनाथ सिंह को राजस्थान का पर्यवेक्षक बनाया था जिन्हें नया सीएम चुनने की जिम्मेदारी दी गई थी। राजस्थान में विधायक दल की बैठक में राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे थे। शपथ ग्रहण के बाद सीएम और डिप्टी सीएम पहली बार राजनाथ सिंह से मिले हैं। राजस्थान में अब तक कैबिनेट का विस्तार नहीं हुआ है। राज्य के अलग-अलग क्षेत्र से कई विधायकों के नाम पर कयास लगाए जा रहे हैं। इस बीच सीएम और दोनों डिप्टी सीएम ने राजधानी दिल्ली का दौरा किया है। हालांकि तीनों के दिल्ली दौरे के कार्यक्रम के संबंध में पार्टी की ओर से कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## भाजपा की सरकार में होंगे विकास कार्य

# गहलोत अब फ्री, जल्द ही मिलकर साथ पीएंगे चाय: गजेंद्र सिंह



बेधड़क | जयपुर

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के बीच तल्खी किसी से छिपी नहीं है। दोनों नेता सार्वजनिक मंच से एक दूसरे पर कई बार आरोप प्रत्यारोप लगा चुके हैं। संजीवनी घोटाले को लेकर शेखावत ने गहलोत पर कई बार तेज किए। एक दूसरे के धुर विरोधी माने जाने वाले दोनों नेताओं को जब सीएम भजनलाल शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह में एक मंच पर देखा गया तो लोग आश्चर्य में पड़ गए।

राजे, शेखावत व गहलोत की एक तस्वीर ने काफी सुर्खियां बटोरीं। गहलोत, वसुंधरा और शेखावत का हंसी ठिठोली करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस बीच रविवार को जोधपुर में अपने आवास पर शेखावत ने कहा कि राजनीति में काम करने वाले लोग एक साथ बैठ सकते हैं। हमारे बीच में मनभेद नहीं होना चाहिए, मतभेद हो सकता है, क्योंकि हम अलग-अलग विचारधारा से आते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान के तीन लोग अगर एक साथ बैठकर बात करते हैं, इसमें क्या गलत है। शेखावत से गहलोत के साथ चाय के बुलावे को लेकर कहा कि हां उन्होंने मुझे कहा कि अब मैं फ्री हो गया हूं। एक तारीख तय करके आइए, बैठकर एक साथ चाय पीते हैं। शेखावत ने कहा कि वे 50 साल से राजनीति में हैं तो उनके साथ बैठेंगे और थोड़ी जादूगरी भी सीख लूंगा। शेखावत ने कहा कि राजस्थान में अब डबल इंजन की सरकार बन चुकी है और निश्चित ही जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य की सरकार काम करेगी। तेजी से विकास होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि यह यात्रा जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए निकाली जा रही है। जनता के योजनाओं को लाभ देने और जो आमजन इन योजनाओं के से वंचित हैं, उनको भी लाभ दिया जाएगा।

## आठवीं बार चुनाव जीतने पर कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान

# विधायक सराफ का अभिनंदन

बेधड़क | जयपुर

मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ के आठवीं बार चुनाव जीतने के बाद रविवार को क्षेत्र के निवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया।

कार्यक्रम संयोजक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष भाजपा ब्रह्मकुमार सैनी ने बताया कि मोती डूंगरी रोड एसडीएम पार्क में मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय निवासियों द्वारा विधायक सराफ का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इसमें विधायक सराफ के साथ उनकी धर्मपत्नी अल्का सराफ, पुत्र आशीष सराफ, विवेक सराफ मौजूद रहे। इस अवसर पर मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के सभी पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, पूर्व पार्षद, प्रदेश, जिले, मंडल और वार्ड स्तर के पदाधिकारी एवं स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में राजापार्क मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, महेश नगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र अजमेरा, मालवीय नगर मंडल से नरेंद्र सिंह रामपाल जैन, उपमहापौर पुनीत कर्णावट, पार्षद जयश्री गर्ग, गोविन्द छीपा, ममता महावर, महेश सैनी बच्चू, उषा टाटीवाल, दिनेश गौड़, नरेश शर्मा, कविता कटियार, महेश सैनी, स्वाति परनामी एवं सैंकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंडल महामंत्री डीडी सैनी और मनोज पींगोलिया ने मंच संचालन किया गया।

## मयूर स्कूल का 43वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

# स्टूडेंट्स नहीं पालें अहंकार: राज्यपाल

बेधड़क | जयपुर

मयूर स्कूल के 43वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि शिक्षा प्राप्त कर किसी प्रकार का अहंकार नहीं पालना चाहिए। उन्होंने संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया तथा मूल कर्तव्यों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि भारत का संविधान हमारा सर्वोच्च विधान ग्रंथ ही नहीं है बल्कि यह भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्य की उदार दृष्टि का संवाहक है। संविधान निर्माण के पीछे की मूल मानसिकता लोकतन्त्र के मूल्यों में विश्वास जगाती है। संविधान की संस्कृति से सभी नागरिकों का जुड़ाव रहा। राजभवन में संविधान उद्यान का निर्माण करवाया है। संविधान को वहां मूर्तियों और कलात्मक निर्माण में जीवन्त देखा जा सकता है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि शिक्षा जीवन को गढ़ती है। वही समाज आगे बढ़ता है जो शिक्षा के क्षेत्रा में अग्रणी होता है। शिक्षा की नींव विद्यालय ही तैयार करते है। विद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने के केन्द्र ही नहीं होते बल्कि हमारे यहां इसे संस्कार निर्माण की पाठशाला से जाना गया है। शिक्षा समस्त प्रकार के बन्धनों से मुक्त कराती है। इसके बहुत गहरे अर्थ है। हम उदात्त जीवन मूल्यों की ओर प्रवृत्त हों। हम बहुत अच्छा करें परन्तु अपने किए पर कभी अभिमान नहीं करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सर्वोच्च है। उसके प्रति हमारे कर्तव्य के लिए सदा प्रतिबद्ध होकर कार्य करने की आवश्यकता है। हम संविधान की संस्कृति से निरन्तर जुड़े रहें।



## श्रीकरणपुर विधानसभा सीट पर 5 जनवरी को चुनाव

# कांग्रेस ने चुनाव को लेकर 26 सदस्यीय प्रबंधन समिति का किया गठन

बेधड़क | जयपुर



प्रदेश की श्रीकरणपुर विधानसभा सीट पर 5 जनवरी को होने वाले चुनाव को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कांग्रेस इस सीट के लिए रणनीति तैयार करने में जुट गई है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासराने 26 सदस्य की एक चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया है।

श्रीकरणपुर सीट पर कांग्रेस ने रूपिंदर सिंह कुन्नर को अपना उम्मीदवार घोषित किया। रूपिंदर सिंह कांग्रेस के प्रत्याशी रहे गुरमीत सिंह के पुत्र हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में 199 सीटों पर हुए चुनावों में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद कांग्रेस इस सीट पर पूरी ताकत झोंकेगी। पिछले चुनाव और उपचुनाव के रिकॉर्ड के अनुसार बाद में होने वाले चुनावों का परिणाम सत्ता पक्ष की पार्टी तरफ ही झुका रहता है। इसलिए कांग्रेस इस सीट पर जीत दर्ज करने के लिए रणनीति बनाने में जुट गई है।

हालांकि भाजपा ने अभी तक श्रीकरणपुर विधानसभा सीट पर प्रचार -प्रसार को लेकर अभी तक कोई कमेटी का गठन नहीं किया है।

### विधानसभा चुनाव में करारी हार से सबक लेते हुए जीत की उम्मीद के साथ जुटेगी कांग्रेस

### प्रबंधन समिति में इन नामों को मिली जगह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आदेश जारी कर चुनाव प्रबंधन समिति में पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल, तारानगर विधायक नरेंद्र बुड़ानिया, प्रभारी महासचिव जियाउर रहमान, गंगानगर जिलाध्यक्ष अंकुर मिगलानी, जिला प्रमुख कुलदीप इंदौरा, हनुमानगढ़ जिलाध्यक्ष सुरेंद्र दादरी, विधायक डूंगरराम गेदर, सोहनलाल नायक, शिमला देवी, विनोद गोठवाल, अमित चाचान, अभिमन्यु पूनिया को इस समिति में शामिल किया है। वहीं पूर्व मंत्री विनोद लीलावाली, पूर्व मंत्री करतार सिंह कंग, पीसीसी उपाध्यक्ष भरत राम मेघवाल, पूर्व सांसद शंकर पन्नू, पूर्व विधायक जगदीश जांगिड़, केशकाल बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र गहलोत, पीसीसी सदस्य युवरेंद्र सिंह युवी, पूर्व विधायक सोना देवी बावरी, सचिव रमा सेवी बावरी, श्रीकरणपुर प्रधान गोमदेवी, पदमपुर प्रधान सुशीला पूनिया, श्रीकरणपुर चेयरमैन रमेश कुमार बंसल और पदमपुर चेयरमैन रूबी मिगलानी को चुनाव प्रबंधन समिति में शामिल किया गया है। इसके साथ ही कांग्रेस के अग्रिम संगठनों के श्रीगंगानगर जिलाध्यक्षों को भी इस समिति में जगह दी गई है।

### 22 दिसंबर तक वापस ले सकेंगे नामांकन पत्र

प्रदेश की 200 विधानसभा सीटों पर चुनाव एक साथ होते है लेकिन श्रीकरणपुर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के चलते इस सीट पर चुनाव निरस्त कर दिया गया था। अब यहां 5 जनवरी को चुनाव होगा। जिसके लिए कांग्रेस ने गुरमीत सिंह कुन्नर के बेटे रुपिंदर सिंह कुन्नर को मैदान में उतारा है। श्रीकरणपुर विधानसभा सीट के लिए 19 दिसंबर तक नामांकन होंगे। 20 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 22 दिसंबर तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। 5 जनवरी को मतदान और 8 जनवरी को मतगणना जिला मुख्यालय पर सुबह 8 बजे से शुरू होगी। करणपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 249 मतदान केंद्र हैं। 6 दिसंबर तक 2,40,826 मतदाता है। इनमें 1 लाख 25 हजार 850 पुरुष व 1 लाख 14 हजार 966 महिलाएं, 180 सर्विस वोटर और 10 अन्य (ट्रांसजेंडर) मतदाता हैं।

## ॥ जरूरी खबर ॥

### दक्षता परीक्षा के टाइम टेबल में बदलाव की मांग



**जयपुर।** माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने 'राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम' कार्यक्रम के तहत आरकेएसएमबीके आकलन-2 का टाइम टेबल जारी किया गया हैं। इसके तहत 18, 19 और 20 जनवरी 2024 को दक्षता परीक्षा आयोजित की जाएगी, लेकिन शिविरा कैलेंडर में 19 और 20 जनवरी को शिक्षक सम्मेलन आयोजित होना है। ऐसे में शिक्षक संगठन ने निदेशालय की ओर से अपने ही शिविरा पंचांग को ध्यान में रखे बिना आरकेएसएमबीके एग्जाम आयोजित कराए जाने को लेकर सवाल उठाए हैं। दक्षता परीक्षा को लेकर बीकानेर निदेशालय ने सभी संभागीय निदेशकों, जिला शिक्षा अधिकारियों और ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। साथ ही छात्रों का सिलेबस भी अपलोड किया जा रहा है। शिविरा पंचांग में निर्धारित शैक्षिक सम्मेलन के लिए स्थान निर्धारित कर तैयारी की जा रही है। ऐसे में शिक्षक संगठनों ने आरकेएसएमबीके के तहत आकलन-2 के टाइम टेबल में बदलाव करने की मांग उठाई है।

### हरिदेव जोशी की जयंती पर पुष्पाजंलि



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी को उनकी जयंती पर पुष्पाजंलि अर्पित की गई। पूर्व विधायक नवरंग सिंह व विधानसभा के अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## अयोध्या से आए पवित्र पीले चावल घर-घर बांटने के लिए विहिप ने किया आयोजन

# रैली से दिया राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने का न्योता

**बेधड़क** | जयपुर

अयोध्या के श्रीराममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में न्योता देने के लिए देश भर में पीले चावल बांटे जा रहे हैं। रविवार को जयपुर में अयोध्या से आए पवित्र पीले चावलों को घर-घर बांटने के लिए जयपुर में विश्व हिंदू परिषद की ओर से भगवा रैली निकाली गई। अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के जनजागरण के लिए रविवार को स्टेचू सर्किल से शुरू हुई रैली सीताराम जी के मंदिर पर समाप्त हुई। रैली का विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत किया गया और पुष्प वर्षा की गई। रैली में हजारों की संख्या में लोग मोटरसाइकिल पर भगवा ध्वज लेकर जय श्रीराम के नारे लगाते हुए चल रहे थे और पीछे भगवान श्रीराम के विग्रह से सजे हुए दो रथ साथ-साथ चल रहे थे।

### 22 जनवरी को होगी प्रतिष्ठा

अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे विधि विधान के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। इसे लेकर ट्रस्ट की ओर से दिन रात काम किया जा रहा है। राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक समारोह की तारीख नजदीक आने के साथ ही अलग-अलग कार्यों के लिए मजदूरों की संख्या बढ़ाई गई है। देश में पूजा पद्धति की जितनी भी परंपरा है, गुरु परंपरा उन सभी परंपरा के संत महंत प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आएंगे। इस कार्यक्रम में 4000 संत होंगे। इसके अलावा समाज का हर क्षेत्र खेल जगत, कला जगत, कवि, लेखक, साहित्यकार, अनुसूचित जाति जनजाति घुमंतू जाति सेवानिवृत्त सेना और पुलिस के अधिकारी भी शामिल होंगे।

### कलश अलग अलग जगह भेजे

भगवा वाहन रैली स्टेचू सर्किल से शुरू हुई जो, पांच बत्ती, एमआई रोड , सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता, बापू बाजार, किशनपोल बाजार होते हुए छोटी चौपड़ स्थित सीताराम जी के मंदिर पहुंची। मंदिर सीताराम जी में संत-महंतों ने पीले अक्षत से भरे कलशों का पूजन कर, अलग-अलग जगह के लिए रवाना किया गया।



फोटो: राजेश कुमावत

## बालाजी के 56 व्यंजनों का भोग, 61 मंदिरों में भी चढ़ाई प्रसादी

# चूल्हा उपाड़ न्योता, लाखों लोगों ने जीमा खोले के हनुमान के अन्नकूट

### हड्डी शाह बाबा की मजार पर भी छप्पन भोग, अन्नकूट की प्रसादी और चादर चढ़ाई

**बेधड़क** | जयपुर

श्रीखोले के हनुमान मंदिर में रविवार को 63वां लक्खी अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। महोत्सव में करीब डेढ़ लाख लोगो ने दोपहर से देर रात तक पंगत प्रसादी ग्रहण की। इससे पहले लक्ष्मण डूंगरी के खोले में विराजे रामजी, हनुमानजी, अन्नपूर्णा, गायत्री, वैष्णो माता, द्वादश ज्योर्तिलिंग सहित सभी देवालयों में 56 व्यंजनों का भोग लगाया गया। मंदिर कमेटी के अनुसार श्रद्धालुओं ने मूंग, चौला, बाजरा, चावल, सब्जी, कड़ी के साथ ही हलवा और भुजिए की प्रसादी ग्रहण की। अन्नकूट महोत्सव के दौरान खोले के हनुमानजी के फल-सब्जी की झांकी, श्री आनन्देश्वर महादेव के अन्न की झांकी, सियारामजी महाराज की छप्पन भोग की झांकी, श्री गणेश जी के लड्डुओं की झांकी सजाई गई। मंदिर में परम्परागत झांकियों के साथ द्वादश ज्योतिर्लिंग बर्फ की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। इसके अलावा आसपास के क्षेत्र के 61 मंदिरों में भी प्रसादी का भोग लगाया गया। खोले के हनुमान जी के मंदिर परिसर के पास स्थित हड्डी शाह बाबा की मजार पर भी छप्पन भोग, अन्नकूट की प्रसादी एवं चादर चढ़ाई गई। समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि प्रसादी के लिए अलग-अलग 13 खंडों की व्यवस्था की गई। प्रसादी के लिए अलग-अलग खंड बनाए गए।





### विधायक शर्मा ने किए दर्शन

श्रीनरवर आश्रम सेवा समिति प्रन्यास के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल शर्मा ने खोले के हनुमान जी के दर्शन किए और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। विधायक शर्मा ने इस मौके पर गोविंद देव जी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी को सम्मानित करते हुए की समारोह की शुरुआत। काले हनुमानजी मंदिर के महंत गोपाल दास महाराज, सरस निकुंज के अलबेली शरण महाराज सहित सैकड़ों साधु-संतों का गोपाल शर्मा ने आशीर्वाद भी लिया।

### भजनों के साथ प्रसादी का वितरण

अन्नकूट समारोह की शुरुआत सुबह हनुमान जी महाराज के अभिषेक और सिंदूरी चौला धारण कराने के साथ हुई। हनुमानजी महाराज का श्रृंगार कर छप्पन भोग अर्पित किए गए। इसके बाद वेद विद्यालय के छात्रों ने मंगलाचरण किया। दोपहर शिव सत्संग मंडल की ओर से हरिनाम संकीर्तन किया। इसके बाद बैंडवादन किया। संत-महंतों ने हनुमानजी महाराज की महाआरती की। नरवर आश्रम सेवा समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि धर्म एवं जाति भेदभाव से रहित व्यवस्था के कारण ही अन्नकूट का यह आयोजन पूरे राजस्थान में मिसाल बन गया है। एक ओर पंगत में भोजन परोसा जा रहा था, दूसरी ओर भजन संध्या चल रही थीं। श्री गुरुकृपा जागरण मंडल के भजन गायन के बाद पी आर स्वामी और मोहन बालोदिया सहित अन्य भजन गायकों ने राम मंदिर में भजनों की प्रस्तुतियां दीं।



फोटो: पंकज शर्मा

## अज्ञात परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज

# ठिठुरती सुबह लावारिस छोड़ गए 2 माह की बच्ची

**बेधड़क** | जयपुर



ठिठुरती सुबह जवाहर सर्किल इलाके में एक 2 महीने की मासूम बच्ची लावारिस हालत में मिलने पर हड़कंप मच गया। जवाहर सर्किल थानाधिकारी दलवीर सिंह ने बताया कि जवाहर सर्किल के पिछले गेट के पास पार्क में मासूम बच्ची मिलने की सूचना मिली। सुबह 6 बजे पार्क में मॉर्निंग वॉक पर आए लोगों को बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी। उन्होंने बताया कि मॉर्निंग वॉक पर आए जगतपुरा निवासी लोकेंद्र शर्मा ने पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल कर लावारिस बच्ची मिलने की सूचना दी। थानाधिकारी ने बताया कि बच्ची के परिजन उसे कपड़े में लपेट कर छोड़ गए। पुलिस ने बच्ची को जेके लोन अस्पताल में भर्ती कराया। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने शनिवार को अज्ञात परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस जवाहर सर्किल इलाके में लगे सीसीटीवी भी खंगाल रही है। जेके लोन हॉस्पिटल में प्राथमिक इलाज के बाद बच्ची को गांधी नगर शिशु गृह भेज दिया गया है। शिशु गृह में बच्ची की देखरेख की जा रही है।

## निगम की 40 शॉप्स पर कार्रवाई

# अवैध बूचड़खाना और एक मीट की दुकान सीज



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर ग्रेटर नगर निगम की पशु प्रबंधन समिति ने रविवार को शहर में अवैध मीट की दुकानों के खिलाफ अभियान शुरू किया। इसके तहत झोटवाड़ा, सांगानेर और विद्याधर नगर इलाके में अवैध मीट की 40 से ज्यादा दुकानों पर करवाई की गई। एक बूचड़खाने और एक दुकान को सीज करने के साथ ही 350 किलो अवैध मीट को जब्त कर फिनाइल से नष्ट किया गया। वहीं, 15 बकरे और 5 पेटी मछलियां भी जब्त की गईं। निगम की कार्रवाई की सूचना मिलते ही कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर चले गए। इनके खिलाफ निगम अब एफआईआर दर्ज करने की तैयारी कर रहा है। नगर निगम की पशु प्रबंधन समिति के डिप्टी कमिश्नर हरेंद्र सिंह ने बताया कि मेयर सौम्या गुर्जर के निर्देश पर रविवार को ग्रेटर निगम क्षेत्र में औचक कार्रवाई की गई। इस दौरान 40 से ज्यादा दुकानों की जांच की गई, जहां नियमों के विपरीत मीट काटने के साथ ही बेचने के रखा गया था। निगम की टीम ने अवैध बूचड़खाने को सीज किया है, जबकि लाइसेंस होने के बावजूद नियमों की अवहेलना कर मीट बेचने वाले दुकानदारों के चालान काटे हैं। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि शहर में अवैध रूप से संचालित मीट की दुकानों पर अंकुश लगाया जा सके।

## मौसम : कई शहरों में गिरा तापमान, राजधानी में ज्यादा बदलाव नहीं

# जयपुर में ठंडी हवाओं का दौर थमा, धूप में तल्खी से दिन में भागी सर्दी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में मौसम धीरे-धीरे करवट बदल रहा है। रविवार को प्रदेश के कई शहरों में तापमान में गिरावट देखने को मिली। इससे लोगों को सर्दी का अहसास हुआ। मौसम विभाग की मानें तो अगले सप्ताह के अंत तक सर्दी अपनी पूरी रंगत में होगी।

22 दिसंबर से प्रदेश में मौसम बदलेगा, जिससे तापमान में 2 से 3 डिग्री के नीचले स्तर पर पहुंचने की संभावना है। हिल स्टेशन माउंट आबू में दो दिन राहत मिलने के बाद एक बार फिर वादियों पर बर्फ जम गई। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले सप्ताह के आखिरी में एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा, जिससे बारिश होने की संभावना है। रविवार को माउंट आबू में पारा -1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। करीब तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने से यहां अचानक फिर से सर्दी तेज हो गई। शनिवार को यहां न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस था।

हालांकि राज्य में अभी ठंडी हवाएं आनी रुक गई हैं। मौसम बिल्कुल शुष्क बना हुआ, जिसके कारण दिन में तेज धूप रहती है। तापमान 24 से लेकर 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है।




### इन शहरों के तापमान में आई गिरावट

माउंट आबू के साथ ही रविवार को बीकानेर में न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 10.7 पर आ गया। अजमेर का न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस गिरकर 10.7, उदयपुर में मिनिमम टेम्प्रेचर 11.4 से गिरकर 9.2 पर आ गया। जैसलमेर में भी रविवार को न्यूनतम तापमान में करीब एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक 22 दिसंबर तक राजस्थान में मौसम साफ रह सकता है। तापमान में इसी तरह उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। 22 की शाम या 23 से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। एक तेज प्रभाव का वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पहाड़ी राज्यों पर एक्टिव होगा। इसका असर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान पर भी देखने को मिल सकता है। उस समय राजस्थान में मौसम बदल सकता है। आसमान में बादल छा सकते हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है।

### अगले सप्ताह से सर्दी दिखाएगी असर

इस सिस्टम के निकलने के बाद राज्य में 25-26 दिसंबर से सर्दी के तेवर तेज होने लगेंगे। कोहरा छा सकता है और बर्फीली हवाएं चलने की संभावना है। इससे न केवल रात का तापमान बल्कि दिन में भी तापमान गिरने से ठिठुरन हो सकती है।

### राजधानी जयपुर में तापमान में उतार चढ़ाव जारी

मौसम को लेकर राजधानी जयपुर की बात की जाए तो यहां पिछले एक सप्ताह से पारे में मामूली उतार चढ़ाव जारी है। रविवार को जयपुर का न्यूनतम तापमान 11.6 रहा जो शनिवार के मुकाबले समान ही रहा। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह जयपुर में तापमान में गिरावट देखी जा सकती है। जिससे सर्दी बढ़ सकती है। मौसम विभाग ने 25 दिसंबर के बाद हल्की बारिश की भी संभावना जताई है।

### शहरों में यूं रहा अधिकतम व न्यूनतम तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| माउंट आबू | 22 | -1 |
| अजमेर | 26.4 | 10.7 |
| अलवर | 24 | 7 |
| पिलानी | 26.3 | 8.4 |
| सीकर | 24 | 8.5 |
| कोटा | 24.6 | 12.7 |
| चित्तौड़गढ़ | 24 | 10 |
| उदयपुर | 25.6 | 9.2 |
| धौलपुर | 24.4 | 9.8 |
| बारां | 25.3 | 9.3 |
| डूंगरपुर | 27.8 | 13.4 |
| सिरोही | 21.3 | 6.9 |
| फतेहपुर | 26.7 | 6.4 |
| करौली | 24.5 | 8.4 |
| बाड़मेर | 29.2 | 12.9 |
| पाली | 26.8 | 12.6 |
| जैसलमेर | 26 | 9.8 |

### जरूरी खबर

### जनआशीर्वाद यात्रा में विधायक वर्मा का स्वागत



**निवाई।** शहर में रविवार को जन आशीर्वाद यात्रा निकाली गई। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर महामंत्री करणसिंह राजावत व पार्षद नितिन छाबड़ा के नेतृत्व में नवनिर्वाचित विधायक रामसहाय वर्मा स्वागत किया। आशीर्वाद यात्रा व विजय जुलूस का शुभारंभ मां कंकाली माता मंदिर से हुआ। इस मौके पर विधायक वर्मा ने मां कंकाली की पूजा-अर्चना की। विधायक वर्मा का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। विजय जुलूस शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए खाटू श्याम मंदिर पहुंचा। जुलूस पर ड्रोन से पुष्प वर्षा की गई। डीजे पर देश भक्ति गानों पर कार्यकर्ता नाचते गाते चल रहे थे।

### पूर्व विधायक शर्मा के समाधी स्थल पर तोड़फोड़ से रोष

**सीकर।** कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे पूर्व विधायक भंवरलाल शर्मा की सरदारशहर स्थित समाधि स्थल पर समाज कंटको ने शनिवार देर रात तोड़फोड़ कर दी। इसके बाद स्थानीय लोगों में भारी गुस्सा देखने को मिला। आक्रोशित लोगों ने रविवार को सरदारशहर-दिल्ली हाईवे को जाम कर दिया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर को सोमवार को सर्व समाज ने सरदारशहर बंद का आह्वान किया है। इस पर व्यापार मंडल ने भी समर्थन समर्थन जताया है। राजस्थान ब्राह्मण महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने बताया कि समाधी स्थल पर तोड़फोड़ निंदनीय है, ब्राह्मण महासभा इसको बर्दाश्त नहीं करेगी।

### पति व बेटी संग उदयपुर पहुंची बिपाशा बसु



**उदयपुर।** झीलों की नगरी में इन दिनों पर्यटकों का हुजूम उमड़ा हुआ है। देश-दुनियां के लोग यहां पहुंच रहे हैं। इसी बीच अब बॉलीवुड कलाकार भी उदयपुर घूमने के लिए आ रहे हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस बिपाशा बसु और उनके पति करण ग्रोवर अपनी डेढ़ साल की बेटी देवी के साथ लेकसिटी पहुंचे। उदयपुर में दो दिन बिताने के बाद वे सोमवार को मुंबई के लिए रवाना होंगे। बॉलीवुड का यह जोड़ा यहां एक निजी होटल की वर्षगांठ में शामिल होने पहुंचा है।

## सीकर की धोद विस क्षेत्र पहुंचा 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का रथ, सांसद सुमेधानंद ने भी की शिरकत

# विद्यार्थियों ने नाटक में बताए सोशल मीडिया के साइड इफेक्ट

**बेधड़क** | सीकर

आमजन को केन्द्र सरकार की योजनाओं से रूबरू कराने और पात्र लोगों को उनका लाभ दिलाने के मकसद से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ रविवार को सीकर जिले के धोद विधानसभा क्षेत्र के गांव रसीदपुरा पहुंचा।

इस मौके पर ग्रामीणों ने रथ का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुई। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने नाटक मंचन भी किया। इसमें वर्तमान समय में सोशल मीडिया के दुष्परिणामों को दर्शाया गया।




बच्चों ने अभिनय और संवाद के माध्यम से सोशल मीडिया के साइड इफेक्ट को दर्शाते हुए अच्छे कामों के लिए इसके उपयोग की सार्थकता जताई। वहीं जागरुकता रथ के माध्यम से ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र व्यक्तियों से इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राज्य में यह यात्रा प्रत्येक ग्राम पंचायत, स्थानीय निकाय में पहुंचने का लक्ष्य पूरा कर 26 जनवरी 2024 तक चलेगी। यात्रा राजस्थान के समस्त जिलों की प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं दस हज़ार से अधिक की आबादी के स्थानीय शहरी स्थानीय निकायों में निकाली जाएगी।

संकल्प यात्रा का उद्देश्य ऐसे पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं के लाभ को पहुंचाना है जो अब तक इससे वंचित रह रहे हैं। इसके साथ ही यात्रा का उद्देश्य योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रचार-प्रसार और जागरूकता पैदा करना, व्यक्तिगत कहानियों से अनुभव साझा करके योजनाओं के लाभान्वितों के साथ संवाद स्थापित कर सीखना और संभावित लाभार्थियों का नामांकन चिन्हीकरण और नामांकन करना है।

### अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचने का लक्ष्य

जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी ने बताया कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में सूचनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए सुसज्जित प्रचार वैन, प्रचार वाहन, सूचना तकनीक आदि के माध्यम से अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक करने व पात्रता अनुसार योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से जिले वार आईईसी वैन उपलब्ध करवा कर हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

### इन योजनाओं का मिल रहा लाभ

धोद विधायक गोरधन वर्मा ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रझ के माध्यम से आमजन को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है, जिससे प्रत्येक पात्र व्यक्ति को इसका लाभ मिल सके। यात्रा के दौरान भारत सरकार की आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अन्तोदय योजना, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, विश्वकर्मा, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड सहित कुल 17 योजनाओं को शामिल किया है।

## चुनावी रंजिश का खूनी खेल: तीन भाजपाइयों पर जानलेवा हमला

# एक को चाकू से किया लहूलुहान दो भाइयों को लाठी-डंडो से पीटा

**बेधड़क** | कोटा

जिले में चुनावी रंजिश को लेकर खूनी खेल की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। इसमें तीन भाजपा समर्थकों पर हमला कर उन्हें गंभीर घायल कर दिया गया। एक वारदात में भाजपा समर्थक को घर के बाहर बुलाकर चाकू से जानलेवा हमला किया गया।

वहीं दूसरे मामले में दो भाइयों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। तीनों को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इन वारदातों के पीछे कांग्रेस समर्थकों पर आरोप लगाए गए हैं। इसके तहत 6 नामजद सहित कुल 12 युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

चाकू के वार से घायल हुए कुन्हाड़ी इलाके के भैरूजी की गली के रहने वाले रूपेन्द्र वशिष्ठ (26) ने पुलिस को बताया कि मैं बीजेपी का कार्यकर्ता हूं। बीजेपी प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल का समर्थन हम लोगों ने चुनाव में किया था। रविवार सुबह 11 बजे में भैरूजी की गली स्थित अपने घर के बाहर बैठा था। इस दौरान कांग्रेस समर्थक राहुल रोबोट और विशाल उर्फ जामुन आए। उनके साथ दो लड़के और थे। इन्हीं लड़कों ने मुझसे बात करने का बहाना बनाते हुए घर के बाहर बुलाया और घर से 50 मीटर दूर ले गए। वहां ले जाकर अचानक मारपीट करनी शुरू कर दी। इसी दौरान चारों में से एक ने चाकू निकाला और मुझ पर वार कर दिया। पहला वार मेरे सीने पर लगा। मौके पर चीख-पुकार मच गई। इतने में भीड़ जमा हो गई। गली में रहने वाले लोग और राहगीर मुझे बचाने दौड़े। भीड़ आती देख, रोबोट, जामुन और उसके साथ आए 2 लड़के वहां से भाग निकले।



### इसलिए पाले हुए थे रंजिश

घायल रूपेन्द्र ने बताया कि यह वारदात चुनावी रंजिश के चलते हुई है। उसका किसी से कोई झगड़ा नहीं है। उसने कहा कि पहले कुन्हाडी इलाके में कांग्रेस के लिए काम करता था। इस बार चुनाव के समय उसने कांग्रेस छोड़ दी थी और भाजपा के लिए काम कर रहा था। तब से ही उसकी इलाके में कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से रंजिश चल रही है। रूपेन्द्र ने बताया कि राहुल रोबोट और विशाल दोनों कांग्रेस के लिए इलाके में काम करते हैं। चुनाव के समय जब कांग्रेस समर्थकों ने मूर्ति के नाम पर कुछ रुपए बस्ती में दिए थे, तब रूपेन्द्र ने बस्ती के लोगों को समझा कर रुपए वापस करवा दिए थे। इस बात को लेकर ही दोनों रंजिश पाले हुए थे।

### शिकायत पर पुलिस ने नहीं की सुनवाई

घटना की जानकारी मिलते ही बीजेपी के स्थानीय नेता और पार्षद भी मौके पर पहुंच गए। वार्ड 49 पार्षद बलविंदर बल्लू ने बताया कि चुनावी रंजिश के चलते भाजपा कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमला किया गया है। दोनों आरोपी इलाके के हिस्ट्रीशीटर हैं। उन पर पहले भी कई मामले दर्ज हैं। रूपेन्द्र पुलिस को अपनी जान का खतरा बता था, लेकिन उसकी कोई सुनवाई थाने में नहीं हुई।

### दो भाइयों पर बरसाई लाठियां

दूसरी घटना कोटा के नांता इलाके की है। यहां भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर चाकू और लाठी-डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाया है। बड़गांव सर्किल निवासी अमन गुर्जर (35) और उसके भाई आकाश (31) पर जानलेवा हमला किया गया। अमन गुर्जर ने बताया कि विधानसभा चुनाव के समय मैं बीजेपी के लिए काम कर रहा था। अमन गुर्जर का आरोप है कि इलाके में ही रहने वाले कांग्रेस समर्थक कालू, सुखपाल समेत अन्य युवक कांग्रेस के लिए काम करने के लिए कहते थे, फिर भी मैं साथ नहीं लगा। इस बात को लेकर आरोपी रंजिश पाले हुए थे। रविवार सुबह 10 बजे अमन और आकाश घर के बाहर बैठे हुए थे। इस दौरान 15-20 बदमाश आए और पीटने लगे। लाठी-डंडों और चाकू से कांग्रेस समर्थकों ने हमला किया। मेरे सिर में चोट आई है। दोनों का एमबीएस हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। अमन एलएलबी की तैयारी कर रहा है। वहीं उसका भाई आकाश एमकॉम में पढ़ रहा है। नांता थाना एसएचओ मुकेश मीणा ने बताया कि अमन की रिपोर्ट पर रामरतन गुर्जर, वीरू, सुखपाल और गिरीश समेत 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## टक्कर से पति-पत्नी की मौके पर ही मौत

# रिश्तेदार के घर से वापस लौट रहे दंपती के लिए डंपर बना काल



**बेधड़क** | बांसवाड़ा

जिले में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई। दोनों अपने किसी रिश्तेदार के यहां जाकर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच रास्ते में मौत बनकर आए डंपर ने उनकी सांसे छीन ली।

हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। इसी बीच पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को मोर्चरी में रखवाया। वहीं दंपती को टक्कर मारने के बाद बेकाबू हुआ डंपर थोड़ी दूर जाकर पलट गया। हालांकि ड्राइवर को कोई नुकसान नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार हादसा सज्जनगढ़ थाने के तहत नेशनल हाईवे-56 पर अनास नदी के पुल के पास हुआ। पुलिस के अनुसार मृतक सारण निवासी मणिलाल (46) अपनी पत्नी कमला (40) के साथ कुशलगढ़ के कुंभपुरा में रिश्तेदार के वहां गए हुए थे। वहां से शाम को वापस बाइक पर अपने गांव सारण लौट रहे थे। इसी दौरान अनास नदी के पुल के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाद में बेकाबू होकर डंपर भी पलट गया। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। आस-पास से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। पुलिस के पहुंचने के बाद मृतकों को एंबुलेंस से बांसवाड़ा एमजी अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट किया गया। जानकारी में सामने आया है कि मृतक दंपती के एक बेटा और दो बेटियां हैं। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर डंपर को जब्त कर लिया।

## 13 वर्षीय किशोर की मौत से ग्रामीणों में आक्रोश

# हत्या कर कुंए में लटकाया शव

**बेधड़क** | टोंक

जिले में 13 वर्षीय एक किशोर की हत्या का मामला सामने आया है। किशोर की हत्या कर उसका शव कुएं में लटका दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बच्चे की पहचान अमरीश मीणा के रूप में हुई है, जो आठवीं कक्षा का छात्र था।

अज्ञात आरोपी ने अमरीश की हत्या कर शव को हाथ-पैर बांधकर मेहंदवास इलाके के एक कुएं में लटका दिया। अमरीश के पिता ने कहा कि उन्होंने शाम करीब पांच बजे अमरीश को साइकिल से खेत की ओर जाते हुए देखा था। उन्होंने



उसे शाम को बाहर न जाने के लिए टोका था, लेकिन अमरीश ने कहा कि वह जल्द ही वापस आ जाएगा। इसके बाद जब काफी देर बाद भी नहीं लौटा तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। बाद में परिवार और पड़ोसियों ने किशोर का शव कुएं में लटका हुआ पाया। बच्चे उसके हाथ एवं पैर पीछे से बंधे हुए थे। उसके परिवार के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, मुआवजे और पीड़ित के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर अस्पताल के सामने धरना दिया। हालांकि, बाद में उन्हें समझा-बुझाकर शांत कर दिया गया।

## तीन भाइयों के प्रॉपर्टी विवाद में उठाया खौफनाक कदम

# छोटे भाई ने परिवार सहित खाया जहर

**बेधड़क** | नागौर

जिले में एक परिवार की ओर से जहर खाकर जान देने के प्रयास का मामला सामने आया है। तीन भाइयों में चल रहे जायदाद के विवाद के चलते छोटे भाई ने मीटिंग के दौरान सहमति नहीं बनने के चलते यह कदम उठाया।

मीटिंग बीच में ही छोड़कर घर लौटे छोटे भाई ने पत्नी और दो बेटियों के साथ विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। मामला नागौर के मेड़ता सिटी के दामावतों के मोहल्ले का है। मेड़ता पुलिस उप अधीक्षक नूर मोहम्मद ने बताया कि घटना दमावतों के मोहल्ले में



रविवार सुबह 8.30 बजे घटित हुई। इसमें कैलाश चंद्र (45) और उसके भाइयों हुकमीचंद व रामेश्वर के बीच प्रॉपर्टी विवाद चल रहा है। तीनों भाई अलग-अलग रह रहे हैं। रविवार को सुबह 8.30 बजे के करीब बड़े भाई रामेश्वर के घर तीनों भाइयों की मीटिंग चल रही थी। बातचीत के दौरान विवाद पर सहमति नहीं बनी तो सबसे छोटा भाई कैलाश वहां से उठकर अपने घर आया और फिर पत्नी उर्मिला (42) और दो बेटियों विशाखा (21) व कृष्णा (18) के साथ खेत में छिड़काव करने वाली दवा का सेवन कर लिया। थोड़ी देर बाद कैलाश के घर से चिल्लाने की आवाजें आने लगी। वे उल्टियां करने लगे तो मोहल्ले के लोगों ने उन्हें मेड़ता अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चारों को अजमेर रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर डीएसपी नूर मोहम्मद, थानाधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा मौके पहुंचे।

## दस दिवसीय शिल्पग्राम महोत्सव 21 से

# लेकसिटी में सजेगा लोक संस्कृति का गुलदस्ता, फिजां में घुलेंगे उत्सवी रंग

### आयोजन में जुटेंगे देश-दुनिया के सुविख्यात कला मर्मज्ञ

**बेधड़क** | उदयपुर

झीलों की नगरी और दुनिया के सबसे हसीन शहरों में शुमार उदयपुर में पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र द्वारा 21 दिसंबर से आयोजित किए जाने वाले विश्व विख्यात शिल्पग्राम महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

इसमें कुचिपुड़ी सहित तमाम क्लासिकल नृत्यों के साथ राजस्थान के ग्रामीण अंचलों के लोक संगीत और फॉक डांस का अनूठा संगम दिखाई देगा। इस दस दिवसीय शिल्पग्राम महोत्सव का शुभारंभ राज्यपाल कलराज मिश्र ढोल बजाकर करेंगे। इस बार के शिल्पग्राम महोत्सव में देश के साथ ही विदेशी कलाकार भी शामिल होंगे। महोत्सव में पद्मश्री से सम्मानित चार प्रसिद्ध कलाकारों के साथ ही अपनी-अपनी आर्ट फार्म में सिद्धहस्त और अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुके 16 कलाकार भी प्रस्तुतियों से रिझाएंगे।

पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र उदयपुर की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि यहां राष्ट्रीय हस्तशिल्प व लोक कला शिल्पग्राम महोत्सव 30 दिसंबर तक चलेगा। महोत्सव के शुभारंभ पर केंद्रीय संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी भी मौजूद रहेंगी। इस बार शिल्पग्राम उत्सव की थीम 'वर्ली ट्राइबल आर्ट' है। महोत्सव में करीब 400 शिल्पकार शामिल होने पहुंचेंगे। इस उत्सव में अपनी विद्या पर सिद्धहस्तता दिखाने वाले पद्मश्री कलाकारों में महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने वाले 'वीर मीरा' संगीत नाटक की रचयिता विदुषी सुमित्रा गुहा, ओडिशी नृत्यांगना, कोरियोग्राफर तथा फिल्म निर्मात्री रंजना गौहर, आंध्र प्रदेश के शास्त्रीय नृत्य, कुचिपुड़ी शैली के गुरु और कलाकार वीरनाला जयाराम राव और फिल्मों में खूबसूरत गायिकी से मन मोह चुके राजस्थान के जैसलमेर के मांगणियार लोक गायक अनवर खान अपनी म्यूजिकल हार्मोनी जैसी विश्व प्रसिद्ध पेशकश देंगे।




### इन सुविख्यात कलाकारों की प्रस्तुतियां भी रहेंगी खास

जो अन्य नामचीन कलाकार इस उत्सव में अपनी कला के जलवे बिखेरेंगे उनमें मोहिनी अट्टम नृत्यांगना जयाप्रभा मेनन, सूफी गायिका ज्योति नूरा, भारतनाट्य नृत्यांगना प्रिया वेंकटरमन, कथक डांसर मालती श्याम, तमाशा शैली के प्रसिद्ध कलाकार दिलीप भट्ट, असम के सत्रीया डांसर कुशल डेका, सूफी डांसर जिया नाथ और भजन सम्राट ओमप्रकाश श्रीवास्तव शामिल हैं। इनके अलावा इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली के कलाकारों की कथकली, मैतेई का मणिपुरी रास, पंजाब पुलिस बैंड, भानुश्री दास का उत्तर पूर्वी फैशन शो, 115 देशों की यात्रा कर लौटा धोद ग्रुप, यारोला पॉपो (फ्रांस), महाराजा सियाजीराव यूनिवर्सिटी, बड़ौदा के राजेश केलकर और 'राम की शक्ति पूजा' फेम संगीता शर्मा प्रस्तुतियां देंगे।

### दस दिन तक होंगे रंगारंग प्रस्तुतियां

पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र उदयपुर की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि शिल्पग्राम उत्सव में 21 से 30 दिसंबर तक रोजाना शाम 6 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। साथ ही कला शिविर, आर्ट कार्यशाला और प्रतियोगिता भी खास आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके अंतर्गत 22 दिसंबर को मांडणा प्रतियोगिता होगी, 23 से 25 दिसंबर तक फड़ कला महिला शिविर लगेगा। वहीं 27 से 28 दिसंबर तक रेखा चित्र कार्यशाला का आयोजन होगा। इस दौरान संगम हॉल में म्यूरल कला प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 21 दिसंबर को शुभारंभ के साथ ही 'वीर मीरा' नृत्य नाटिका, 22 को लोक झंकार के तहत पंजाबी लोक गायन, 23 को महाराष्ट्र दिवस, 24 को गुजरात दिवस और 25 को गोवा दिवस के तहत शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। वहीं, 26 को राजस्थान दिवस के तहत तमाशा शैली में शिवा और सूफी नृत्य व गायन होगा। 27 दिसंबर को पूर्वोत्तर फैशन शो, लोक झंकार और पंजाब पुलिस बैंड की प्रस्तुति होगी। वहीं 28 को म्यूजिकल हारमोनी और धोद बैंड, 29 को वसुधैव कुटुम्बकम और 30 दिसंबर को 'राम की शक्ति पूजा' नृत्य नाटिका की खूबसूरत प्रस्तुति होगी।

## चुनावी दंगल से मिलने वाले मैनेजमेंट लैसन लगा सकते हैं बिजनस की नैया पार

# नेताओं के लिए ही नहीं एंटरप्रेन्योर्स के लिए भी मैनेजमेंट की 'पाठशाला' होते हैं चुनाव

नरेन्द्र शर्मा। बेधड़क

**जयपुर।** राजनीति को कोई पसंद करे या नापसंद, लेकिन राजनीति युवाओं के लिए एक पाठशाला का भी काम करती है। ग्राम पंचायत के वार्ड पंच से लेकर देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा के सदस्य के लिए होने वाले चुनाव तक, हर चुनाव अपने आपमें मैनेजमेंट के शोध पत्र की तरह है। किसी भी चुनाव को जीतने के लिए पब्लिक साइकॉलोजी, ब्रांडिंग, वर्कर्स मैनेजमेंट, स्टेटिकल एनालिसिस, लॉबिंग जैसे टर्म्स को धरातल पर काम में लिया जाता है। चाहे प्रत्यक्ष रूप से इन सारी प्रेक्टिसेस को केवल 'चुनावी रणनीति' में ही समाहित मान लिया जाए लेकिन हर चुनाव को जीतने के लिए इन सारे फैक्टर्स पर काम करना जरूरी होता है। युवाओं की बात करें तो वर्तमान 'स्टार्टअप' जेनरेशन के लिए चुनाव एक मैनेजमेंट स्कूल का काम कर सकते हैं। हाल ही राजस्थान में हुए विधानसभा चुनाव में कई सीटों की कहानी युवाओं के लिए मैनेजमेंट लैसन की तरह है। राजस्थान चुनाव की कुछ चुनिंदा सीटों पर चुनाव जिस तरह से लड़ा गया और उसके जो परिणाम निकले, अगर उनसे मिलने वाले मैनेजमेंट सूत्रों को युवा अपने बिजनेस में उतारें तो उनकी एंटरप्रेन्योरशिप की यात्रा यादगार और सफल हो सकती है।





### भजनलाल शर्मा: सांगानेर

भजनलाल शर्मा राजस्थान के नए मुख्यमंत्री हैं। जब उन्हें सांगानेर से टिकट मिला तो विरोधी पार्टी के साथ ही खुद उनकी पार्टी के स्थानीय नेता भी विरोध में थे। शर्मा के अब तक के कॅरियर की बात करें तो 35 साल से वे लो प्रोफाइल रहते हुए भाजपा के लिए काम कर चुके हैं। 35 साल बाद उन्हें अपनी मेहनत का फल मिला।

#### मैनेजमेंट सूत्र

- बिजनेस में 'शाइनिंग ऑब्जेक्ट सिंड्रोम' से बचो। मतलब हर चमक-धमक वाली गतिविधि के पीछे मत भागो। सिम्प्लीसिटी के साथ अपने काम में लगे रहो, एक समय आएगा जब लोग इसे खुद नोटिस करेंगे और आप ब्रांड बन जाएंगे।



### गोपाल शर्मा: सिविल लाइंस

गोपाल शर्मा ने ऐसे समय में सिविल लाइंस से चुनाव लड़ा जब वहां कांग्रेस के प्रतापसिंह खाचरियावास को पहले से ही जीता हुआ माना जा रहा था। इस एकतरफा दंगल में गोपाल शर्मा ने न केवल खाचरियावास को पटखनी दी बल्कि उन्हें 28 हजार वोट के भारी अंतर से हराया।

#### मैनेजमेंट सूत्र

हर फील्ड में स्कोप है। आपकी इंडस्ट्री में अगर बड़े प्लेयर्स हैं और मार्केट में स्कोप नहीं दिखता तो भी वहां अपनी 'यूएसपी' के दम पर जगह बनाओ। एक बार कस्टमर्स के दिल में जगह बना ली तो पीछे नहीं देखना पड़ेगा क्योंकि कस्टमर को कंपनी के नाम से नहीं अपने काम से मतलब है।

### रविन्द्र सिंह भाटी: शिव



यूनिवर्सिटी के छात्रसंघ अध्यक्ष रहे युवा रविन्द्र सिंह भाटी ने क्षेत्र में चुनाव लड़ने के लिए भाजपा जॉइन की। भाजपा ने टिकट नहीं दिया तो भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और भाजपा-कांग्रेस के साथ ही निर्दलीय दिग्गज के सामने लड़कर जीते। चुनाव में उनकी सरलता, जनता के बीच पकड़ और रणनीति चर्चा में रही। उन्होंने जनता की नब्ज पकड़ी और जनता ने उन्हें जिताया।

#### मैनेजमेंट सूत्र

बिजनेस में अनएक्सपेक्टेड प्रॉब्लम्स आएं तो कॉम्पीटिटर्स से अलग दिखने की रणनीति पर काम करें। अपना रास्ता ना बदलें, रणनीति बदलें। अपने कोर ऑडियंस की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्हें विश्वास दिलाएं कि आप उनकी समस्याओं का समाधान हैं।

### हनुमान बेनीवाल: खींवसर

हनुमान बेनीवाल की पार्टी ने 2018 में तीन सीटें जीती थीं। इस बार वे प्रदेश की सत्ता पाने का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरे पर केवल खुद की एक सीट जीत पाए। वजह रही, उनकी चुनाव रणनीति केवल जातिगत खेमेबंदी पर केंद्रित रही और वे असली मुद्दों को दरकिनार करते रहे। यह रणनीति पिछले चुनाव में कुछ चली पर इस बार नहीं चल पाई।

#### मैनेजमेंट सूत्र

समय के साथ बिजनेस स्ट्रेटेजी को बदलना जरूरी है। कोई बिजनेस एक ही रणनीति से लंबे समय तक नहीं चल सकता। कस्टमर्स का माइंडसेट लगातार बदलता रहता है, ऐसे में जरूरी है कि कस्टमर्स की जरूरत के अनुसार अपने प्रोडक्ट्स को डिजाइन करें और नई एप्रोच के साथ कस्टमर्स को अपनी तरफ खींचें।



### बीडी कल्ला: बीकानेर पश्चिम

74 साल के कांग्रेस नेता बीडी कल्ला लंबे समय से अपने टिकट के लिए अड़े हुए थे। उनका कहना था कि मेरी सीट पर मेरे अलावा कोई ऐसा कैंडीडेट नहीं जो जीत सके। कई नेता आगे भी आए पर पनप नहीं पाए। कल्ला को टिकट मिला, और वो हार गए। चर्चा रही कि कांग्रेस नया प्रयोग कर किसी और को उतारती तो जीत सकती थी।



#### मैनेजमेंट सूत्र

आप कितने भी अच्छे बिजनेस मैन हो सकते हैं पर वन मैन आर्मी ना बनें। अपनी टीम को भी आगे बढ़ाने की मानसिकता रखें और समय आने पर टीम को आगे बढ़ाकर किंग मेकर बनने की पहल करें। बिजनेस में नई स्ट्रीम्स को एड करने के लिए पुरानी स्ट्रीम की कमान किसी और को देकर बिजनेस एक्सपेंशन का काम करें।

## Yuva स्टोरीज

### गैर मान्यता प्राप्त संस्थानों की विदेशी डिग्री नहीं होगी मान्य




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ सहयोगात्मक व्यवस्था से डिग्री प्रदान करने वाली एडटेक कंपनी और महाविद्यालयों को चेतावनी दी है, जो उससे मान्यता प्राप्त नहीं हैं। यूजीसी अधिकारियों के मुताबिक ये डिग्री अमान्य होंगी। यूजीसी ने छात्रों को सतर्क किया है कि वे इस प्रकार के पाठ्यक्रमों के लिए दाखिला नहीं लें।

यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने बताया कि यह पाया गया है कि कई उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) और महाविद्यालयों ने विदेश के ऐसे शिक्षण संस्थानों के साथ सहयोग संबंधी समझौते किए हैं जो आयोग से मान्यता प्राप्त नहीं है और ये एचईआई एवं महाविद्यालय छात्रों को विदेश की डिग्री जारी किए जाने की व्यवस्था कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के किसी भी प्रकार के सहयोग या व्यवस्था को यूजीसी से मान्यता प्राप्त नहीं है और ऐसी सहयोगात्मक व्यवस्था के बाद जारी की गई डिग्रियां भी आयोग से मान्यता प्राप्त नहीं हैं।

जोशी ने कहा कि यूजीसी के संज्ञान में यह भी आया है कि कुछ एडटेक कंपनियां कुछ विदेशी विश्वविद्यालयों और संस्थानों के साथ मिलकर ऑनलाइन डिग्री और डिप्लोमा कार्यक्रम पेश करने को लेकर समाचार पत्रों, सोशल मीडिया और टेलीविजन के जरिए विज्ञापन दे रही हैं। उनका कहना है कि ऐसी फ्रेंचाइजी व्यवस्था की अनुमति नहीं है और ऐसे किसी भी कार्यक्रम या डिग्री को यूजीसी की मान्यता नहीं होगी।

### महिलाओं को संबल देने के लिए जेंडर समानता बहुत जरूरी |

**जयपुर।** आज के दौर में पत्रकारों को जेंडर संवेदनशीलता को समझने और उस पर कलम चलाने की सख्त जरूरत है। अगर हम ऐसा नहीं कर पाए तो समाज में जेंडर भेदभाव को मिटाने की लड़ाई मजबूती से नहीं लड़ पाएंगे। कुछ ऐसे ही विचार शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए), हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय (एचजेयू) और लोक संवाद संस्थान के सहयोग से एचजेयू के छात्रों के लिए जेंडर संवेदनशीलता की समझ बढ़ाने के लिए चलाए गए चार महीने के प्रोजेक्ट के समापन पर निकलकर सामने आए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एचजेयू की कुलपति प्रोफेसर सुधि राजीव कहा कि इस तरह के कार्यक्रम पत्रकारिता के छात्रों को जेंडर संवेदनशीलता को बारीकी से समझने में मदद करेंगे। एचजेयू आगे भी यूएनएफपीए के सहयोग से ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

## तक्षिला बिजनेस स्कूल का इंटर-कॉलेज फेस्ट आयोजित

# 'लम्हें' ने छात्रों के दिलों में छोड़ी अमिट छाप

बेधड़क । जयपुर



तक्षिला बिजनेस स्कूल के परिसर में दो दिनों तक चले लम्हें इंटर-कॉलेज फेस्ट ने छात्रों के जीवन में रंगीन पन्ने जोड़ दिए।

15 और 16 दिसम्बर को आयोजित इस फेस्ट में 1000 से अधिक उत्साही छात्रों ने भाग लिया, जहां नृत्य और संगीत की मधुर धुनों से लेकर स्पोर्ट्स की जोशपूर्ण प्रतियोगिताओं ने पूरे वातावरण को हर्ष उल्लास से भर दिया।

यह आयोजन तक्षिला बिजनेस स्कूल के संस्थापक प्रो. किशोर शर्मा और अनुराधा मेहता, कॉलेज के डीन प्रो.रजत बोहरा, डायरेक्टर प्रो. डॉ अलका जैन, डिप्टी डायरेक्टर प्रो. डॉ लवीना खिलनानी, सहायक प्रो. डॉ संजोली जैन, सहायक प्रो. डॉ रिद्धि तांबी के सनिगद्ध में तक्षिला बिजनेस स्कूल के छात्रों द्वारा किया गया। फेस्ट का नाम "लम्हें" खुद ही अपने मायने कहता है। ये "लम्हें" थे प्रतिभागिता, संघर्ष, प्रतिस्पर्धा और सफलता के, जिन्होंने छात्रों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी। डांस, गायन, फुटसल, डॉजबॉल, बैडमिंटन और स्टैंडअप कॉमेडी के रोमांचक मुकाबलों ने प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का एक मंच दिया। बिजनेस क्विज के आयोजन से यह स्पष्ट हो गया कि कॉलेज के छात्रों में प्रबंधन की क्षमता छिपी हुई है। उन्हें सही मार्गदर्शन और अनुभव मिलने पर वे भविष्य के सफल लीडर बन सकते हैं।

फेस्ट में छात्रों की ऊर्जा और जोश देखते ही बनता था। हर परिसर प्रतिभागियों की तालियों और चीयरिंग से गूंज रहा था। कॉलेज के समर्थन और योगदान से छात्रों की खुशी देखते हुए ऐसा लगा कि "लम्हें" सिर्फ एक फेस्ट नहीं, बल्कि एक अनुभव था, जिसे वे हमेशा याद रखेंगे। तक्षिला बिजनेस स्कूल के डायरेक्टर, प्रो. किशोर शर्मा ने कहा, हम इस बात से बेहद खुश हैं कि लम्हें ने छात्रों को खुद को व्यक्त करने और विभिन्न प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने का एक मंच प्रदान किया। यह केवल एक प्रतियोगिता नहीं थी, बल्कि एक ऐसा माहौल था जहां छात्रों ने एक-दूसरे से जुड़कर यादगार पल बनाए।

# एनएसएस शिविर में सेवा के वैश्विक मूल्यों पर चर्चा



**जयपुर।** श्री राधा गोविन्द राजकीय महाविद्यालय, कंवर नगर ब्रह्मपुरी, जयपुर में प्राचार्य प्रो. सुमन भाटिया की अध्यक्षता व प्रभारी विवेक कुमार चुलेट के नेतृत्व में गैर सरकारी संगठन आराम्भ के संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। जिसके उद्घाटन सत्र के अवसर पर सुमन भाटिया ने एनएसएस प्रवृत्ति के लक्ष्यों व सेवा के वैश्विक मूल्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि सेवा मानव व मानवता के लिहाज से सबसे बड़ा परिचयात्मक मापदंड है। उसकी उपस्थिति पर ही विकसित समाजिक-चेतना की कल्पना को साकार किया जा सकता है। द्वितीय श्रमदान सत्र में महाविद्यालय के एनएसएस स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त कर, वृक्षों के रख-रखाव के साथ समग्र परिसर की सफाई की। इसी प्रकार तृतीय बौद्धिक सत्र में एनजीओ आरम्भ की महारानी महाविद्यालय की इकाई द्वारा पोस्टर व पैनल डिस्कशन प्रतियोगिता के साथ डॉ. उमा भूषण, उन्नति अग्रवाल, वैशाली शर्मा एवं कानन औदिच्य की सार्थक उपस्थिति व आतिथ्य में मानसिक स्वास्थ्य, ध्यान व योग आदि के प्रायोगिक सेशन संपादित किए गए। अंतिम व सांस्कृतिक सत्र में शिविर में आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा के साथ महारानी व कनोड़िया महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य विषय पर रोचक नाटक की प्रस्तुति दी गई।

## क्रिएटिविटी | दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

# इंटेलिजेंट कम्प्यूटिंग टेक्नीक्स फॉर स्मार्ट एनर्जी पर चर्चा

बेधड़क । जयपुर

मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर के स्कूल ऑफ इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी उत्तराखंड, मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जयपुर और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रांची के सहयोग से हाल ही में इंटेलिजेंट कम्प्यूटिंग टेक्नीक्स फॉर स्मार्ट एनर्जी सिस्टम्स विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ।

प्रोफेसर अमित सोनी, डॉ शिल्पी बिड़ला, डॉ नेहा सिंह और समरेंद्र प्रताप सिंह ने सम्मेलन का आयोजन किया। उद्घाटन समारोह में प्रोफेसर जी.के. प्रभू ( प्रेसीडेंट) कमोडोर (डॉ.) जवाहर एम जांगिड़, प्रो-प्रेसीडेंट, डॉ. नीतु भटनागर, रजिस्ट्रार एवं प्रोफेसर अरुण शानबाग, डीन एफओई, मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर ने शिरकत की। प्रो. मनीष तिवारी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया।



### अनुभवों का आदान-प्रदान

पैनल चर्चा के दौरान दृष्टिकोण, विचारों और अनुभवों के आदान-प्रदान के साथ भारत सेमीकंडक्टर मिशन का एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान किया, बल्कि उपस्थित लोगों के बीच विचारोत्तेजक बातचीत को भी प्रज्वलित किया। मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर के नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता, जिसका अटूट समर्थन इस उपलब्धि को संभव बनाने के पीछे प्रेरक शक्ति रहा है। इस कार्यक्रम ने एक जीवंत और सहयोगात्मक माहौल को बढ़ावा दिया, जिससे उपस्थित लोग अपने-अपने क्षेत्रों में नवाचार और प्रगति को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित और नए ज्ञान से सुसज्जित हुए।

### विशेषज्ञों ने रखी अपनी बात

सम्मेलन का असली आकर्षण भारत सेमीकंडक्टर मिशन: शिक्षा और उद्योग सहयोग संभावनाओं को बढ़ावा देने के विषय पर दिलचस्प पैनल चर्चा थी, जिसमें मुख्य अतिथि के साथ डॉ. अंशुमन त्रिपाठी (वरिष्ठ कार्यक्रम निदेशक, एनटीयू सिंगापुर), प्रो. बी.एल. आहूजा (एमेरिटस वैज्ञानिक सीएसआईआर, निदेशक, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान, एमएलएसयू, उदयपुर), डॉ. उमेश चंद (वरिष्ठ वैज्ञानिक और टीम लीड एस्टार माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स, सिंगापुर), सुधीर नायक (आईईएसए चेयरमैन गुजरात, संस्थापक ईइन्फोचिप्स), डॉ. मनीष हुडा (प्रमुख प्रौद्योगिकी विकास प्रभाग, सेमी-कंडक्टर प्रयोगशाला अंतरिक्ष विभाग भारत सरकार), प्रो. एन.एन. शर्मा (प्रो-वाइस चांसलर (रणनीति और योजना) एमएएचई, प्रो. जगन्नाथ कोरोडी (निदेशक - एमआईटी बेंगलुरु),रोहित ओहलायन (निदेशक आर एंड डी, सिनोप्सिस, नोएडा), डॉ. सतीश चंद्र तिवारी प्रबंधक डीएफटी, एनएक्सपी सेमीकंडक्टर्स, नोएडा ने हिस्सा लिया। प्रोफेसर मनीष तिवारी मॉडरेटर थे। पैनल ने शिक्षा जगत और उद्योग के सामने आने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों और चुनौतियों पर चर्चा की।

# पर्यावरणीय ख़तरों से बचने के लिए उठें ठोस कदम



रामभरोस मीणा
पर्यावरण कार्यकर्ता और समाज विज्ञानी

आज समूची दुनिया पर्यावरणीय खतरों से जूझ रही है। जीवाश्म ईंधन आज पर्यावरणीय संकट की अहम वजह है। जीवाश्म ईंधन के साथ हमें बारूद बनाने तथा अनावश्यक प्रयोगों पर भी खुलकर प्रतिबंध लगवाने की बेहद जरूरत है क्योंकि धरती को बचाने के लिए पर्यावरणीय प्रदूषण को बढ़ावा देने वाले सभी कल-कारखाने, अनुसंधानों, प्रशिक्षण केन्द्रों को त्याग कर पर्यावरण संरक्षण के सभी क़दम उठाना बहत ही आवश्यक है। आज सम्पूर्ण विश्व पर्यावरणीय प्रदूषण से उपजे ख़तरों से जूझ रहा है , वहीं आज देश के प्रत्येक शहर से स्वच्छ वायु एक तरह से गायब ही हो चुकी है। वहां ज़हर भरी हवाओं का बोलबाला हो गया है, जिससे आम आदमी का जीना दुश्वार हो गया है। चारों ओर धुंए के बाद ज़हर उगलतीं चिमनियां, स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालती गैसें, अपशिष्टो एवं मल के साथ बहते गंदे नाले, कचरे के पहाड़ के साथ साथ आसमान में एक ऐसी चादर छा गई है जो सभी सजीव प्राणियों को निगलने को तैयार दिखाई देती है। इन सभी पर्यावरणीय ख़तरों को देखते हुए स्वाभाविक यह प्रशन उठने लगता है कि आखिर यह खतरा मानव के सामने क्यों पैदा हुआ है। कैसे पैदा हुआ और कब पैदा हुआ है ।और तो और व्यक्ति ,समाज, सरकार तथा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के संगठन इसे कठोरता से क्यों नहीं ले रहे ? आखिर इसकी वज़ह क्या है? क्या प्रकृति प्रदत्त सभी संसाधनों का दोहन कर आम व्यक्ति को जीवन जीने देंगे, क्या स्वयं विकास की परिभाषा गढ़ने वाले इन हालातों में बच सकेंगे।

इन सभी प्रशनों को देखते हुए यह साफ़ हो जाता है कि विकास शब्द के साथ ही विनाश प्रारम्भ हुआ है, लेकिन विकास सभी को दिखाई दे रहा है लेकिन विनाश की तरफ़ किसी का ध्यान नहीं है। सबसे बडी बात यह है कि महज़ तीन से चार दशकों में इस विकास ने आगे बढ़ कर इंसान को विकास की परिभाषा बदलने के लिए मजबूर कर दिया है। इसको लेकर आज दुनिया का प्रत्येक देश यह सोचने को मजबूर हों गया है कि इसके पीछे है कौन? जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अन्य देशों पर इस बाबत दबाव बनाने में भारत।सफल होता दिखाई दे रहा है।

> “पर्यावरण संरक्षण के साथ बढ़ते तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस कम करने, जीवाश्म ईंधन (कोयला , तेल, गैस) के उत्पादन और उपभोग, दोनों को कम करने के साथ-साथ सभी मेजबानी कर रहे विकसित देशों से इसमें अर्थ के साथ- साथ सहयोग तथा सहमति की आशा दिखाई देने लगी है। वहीं संयुक्त राष्ट्र सचिव एंटोनियो गुटरेस ने कहा है कि धरती को बचाने के लिए ऊर्जा संरक्षण पर काम करना होगा क्योंकि हमारे पास यह आखिरी समय है।”

काप - 28 वार्ता में पर्यावरण संरक्षण के साथ बढ़ते तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस कम करने, जीवाश्म ईंधन (कोयला , तेल, गैस) के उत्पादन और उपभोग , दोनों को कम करने के साथ साथ सभी मेजबानी कर रहे विकसित देशों से इसमें अर्थ के साथ- साथ सहयोग तथा सहमति की आशा दिखाई देने लगी है। वहीं संयुक्त राष्ट्र सचिव एंटोनियो गुटरेस ने कहा है कि धरती को बचाने के लिए ऊर्जा संरक्षण पर काम करना होगा क्योंकि हमारे पास यह आखिरी समय है।

इसके लिए सहमत होना बेहद जरूरी है। राष्ट्रमंडल महासचिव पेट्रिसिया स्काटलैण्ड ने कहा है कि भारत को स्थिति को सम्हाल लेना चाहिए क्योंकि राष्ट्रमंडल कहे जाने वाले 56 देशों की आधी आबादी भारत में रहतीं हैं। यदि स्थिति यह बनती है कि भारत को आगे आने की आवश्यकता है तो हमारे सामने यह अवसर भी है। हमें अपनी श्रेष्ठता के उन अवसरों को गवाना भी नहीं चाहिए। अब समय की मांग है कि काप 28 में शामिल देशों को चाहिए कि वो बारूद के उत्पादन के साथ उनके उपयोग पर भी प्रतिबंध लगाएं। वर्तमान में गाजा में इजरायल - हमास की जंग में इजरायल फिलिस्तीन द्वारा किए गए मिसाइलों के प्रयोग से जो वहां प्रदूषण फैला है, वह क्षेत्र विशेष तक सिमट कर नहीं रह गया है। यह सम्पूर्ण विश्व को प्रभावित कर रही है जो प्रतिबंध योग्य है । ऐसे हालात में सभी देशों को सोचने को बाध्य होना चाहिए। क्योंकि इसके साथ ही जो कार्य समझौतों से हो सकें, वहां मुद्दों की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।

हमें पर्यावरणीय ख़तरों से ऊपर उठकर अब ठोस कदम उठाने की जरूरत है। इसके लिए विचारधाराओं में बदलाव लाना होगा, परिभाषाएं बदलनी होंगी, संविधानिक ठोस कदम उठाने होंगे। सामाजिक व्यक्तिगत सोच बदलनी होगी, पर्यावरणीय ख़तरों से निजात पाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति और समाज को राष्ट्र को समर्पित होकर संरक्षण के कार्य करने होंगे। हमें चाहिए कि किसी भी प्रकार के वे क़दम नहीं उठाए जायें जिनसे हमारे प्रकृति प्रदत्त संसाधनों को हानि होती हों। यदि सभी राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक समान विचारधारा से सहमत होकर संरक्षण में जुटेंगे तब ही हम व हमारी धरती बच सकेंगी, इसमें दो राय नहीं है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 370

# फैलाए झूठ को SC ने किया ध्वस्त



अवधेश कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

> “इस फैसले के समानांतर ही केंद्र सरकार का संसद से जम्मू कश्मीर आरक्षण संशोधन विधेयक 2023 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक 2023 पारित हो गया। इसमें अनुसूचित जनजाति के लिए सीटें आरक्षित हुई हैं तो दो नामांकित सदस्यों की संख्या पांच कर दी गई है। दो सीटें कश्मीरी विस्थापितों के लिए रखा गया है। समाज के वंचित तबकों तथा कश्मीरी हिंदुओं के साथ हुए अन्याय का परिमार्जन करने की कोशिशें तभी सफल हुई जब 370 राक्षस का अंत हुआ। यह स्वाभाविक है कि न्यायालय अगर नागरिकों के अधिकारों का संरक्षक है तो वह इसके विपरीत फैसला दे ही नहीं सकता था।”

अनुच्छेद 370 पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का तात्कालिक महत्व भले इतना ही लगता है कि नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा इसे निष्प्रभावी बनाने का कदम संवैधानिक रूप से सही था, पर यह यहीं तक सीमित नहीं है। इससे भारत सहित विश्व भर में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने के विरुद्ध किए गए दुष्प्रचारों का न केवल अंत हुआ है बल्कि कांग्रेस , कम्युनिस्ट पार्टियों सहित जम्मू कश्मीर की परंपरागत पार्टियों व नेताओं के द्वारा अब अपना आएगा रुख और दिए गए वक्तव्य भी झूठ साबित हुए हैं। वास्तव में इस फैसले का महत्व इस मायने में बड़ा है कि इसने स्वतंत्रता के बाद से अब तक जम्मू कश्मीर के संदर्भ में फैलाए गए झूठ की कलई भी खोल दी है। झूठ यह फैलाया गया था कि जम्मू कश्मीर के भारत में विलय के साथ उस राज्य के लिए विशेष संप्रभुता का वचन दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने फैसले में स्पष्ट लिखा है के भारत में विलय के साथ जम्मू कश्मीर की किसी तरह की संप्रभुता नहीं थी। जरा सोचिए , किस तरह आज तक जम्मू कश्मीर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति करने वाले नेताओं ने न केवल देश के साथ बल्कि वहां के उन सभी लोगों के साथ अन्याय किया जो प्रदेश में स्वाभाविक नागरिक बनकर भारतीय संविधान के तहत दिए गए अधिकारों एवं सुविधाओं के भागी थे लेकिन वंचित रहे। इसका अर्थ यह हुआ कि पूर्व की सरकारें भी गहराई से विचार करतीं तो 370 समाप्त कर न केवल पाकिस्तान से आए शरणार्थियों बल्कि भारत से वहां जाकर बसे लोगों के साथ न्याय होता और जम्मू कश्मीर आज तक अन्य राज्यों की तरह एक सामान्य राज्य के रूप में परिणत हो चुका होता। नरेंद्र मोदी सरकार ने साहस दिखाया तो ऐतिहासिक काम का श्रेय इतिहास के अध्याय में उसे मिलेगा। न्यायालय ने सितंबर 2024 तक चुनाव कराने एवं जम्मू कश्मीर को राज्य बनाने का जो निर्देश दिया है उसमें कठिनाई नहीं है और सरकार इस दिशा में काम कर रही है।



मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यों की संविधान पीठ में से तीन न्यायाधीशों ने ही फैसला लिखा और सभी एक दूसरे से सहमत थे। हालांकि उच्चतम न्यायालय ने वही कहा है जो विवेकशील निष्पक्ष लोग मान रहे थे। यानी अनुच्छेद 370 अस्थाई प्रावधान था। उच्चतम न्यायालय में 23 याचिकाओं में अनुच्छेद 356 से लेकर राष्ट्रपति के अधिकार, केंद्र शासित प्रदेश बनाने आदि कई पहलू निहित थे। सब पर न्यायालय ने टिप्पणियां की है किंतु मूल विषय अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाना ही था। 5 अगस्त, 2019 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में पेश विधेयक बहुमत से पारित हुआ तथा अगले दिन लोकसभा से भी स्वीकृत हो गया था। संविधान पीठ ने राष्ट्रपति के आदेश सहित पारित करने की पूरी प्रक्रिया को सही माना है। स्पष्ट लिखा है कि संवैधानिक व्यवस्था ने यह संकेत नहीं दिया कि जम्मू कश्मीर ने संप्रभुता बरकरार रखी है। जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बन गया यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 1और 370 से स्पष्ट है। न्यायालय ने यह भी कह दिया है कि अनुच्छेद 370 (3) के तहत राष्ट्रपति की अधिसूचना जारी करने की शक्ति से अनुच्छेद 370 का अस्तित्व समाप्त हो जाता है। जम्मू कश्मीर के संविधान के तहत वहां की संविधान सभा द्वारा ही इसे निरस्त करने की बात थी जिसके बारे में पीठ ने लिखा है कि जम्मू कश्मीर संविधान सभा के विघटन के बाद भी राष्ट्रपति की अधिसूचना जारी रखने की शक्ति कायम रहती है। याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि जम्मू कश्मीर संविधान सभा की सिफारिश से ही राष्ट्रपति उसे निरस्त कर सकते थे। संविधान सभा 1951 से 1957 तक फैसला ले सकती थी लेकिन उसके बाद इसे निरस्त नहीं किया जा सकता। पीठ ने स्पष्ट लिखा है कि राष्ट्रपति की शक्तियों का उपयोग दुर्भावनापूर्ण नहीं था। अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर के संवैधानिक , कानूनी एवं प्रशासनिक आदि व्यवस्थाओं में भारी बदलाव किए हैं। विरोधियों का तर्क था कि राष्ट्रपति शासन के दौरान केन्द्र ऐसा कोई फैसला नहीं ले सकता जिसमें बदलाव न किया जा सके। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ऐसा कहना सही नहीं है कि अनुच्छेद 356 के बाद केंद्र केवल संसद के द्वारा ही कानून बन सकता है। फैसले के अनुसार अनुच्छेद 356 में राष्ट्रपति को राज्य में बदलाव करने का अधिकार है। 370 (1) डी के तहत राष्ट्रपति को विधानसभा से सहमति लेकर राज्य के मामले में फैसला देने की बाध्यता नहीं है।

इस तरह 370 को निष्प्रभावी बनाने के बाद नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किए गए सारे बदलावों पर उच्चतम न्यायालय की मुहर लग गई है। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गनिर्देश में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू कश्मीर को अन्य राज्यों की तरह सर्वसामान्य राज्य बनाने, माहौल शत-प्रतिशत सहज स्वाभाविक करने के लिए ऐसे कदम उठाए हैं जिनके परिणाम दिखाई दे रहे हैं। लाल चौक पर 15 अगस्त और 26 जनवरी को तिरंगा लहराना, मुक्त वातावरण में कार्यक्रमों सहित पूरे राज्य में स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के आयोजनों तथा बरसों से बंद पड़े मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान आदि की तस्वीरें देखकर भारत सहित संपूर्ण दुनिया के भारतवंशी हर्षित हैं तो कारण दृढ़ संकल्प के साथ 370 को निष्प्रभावी बनाना और उसके बाद लगातार योजनाबद्ध से काम करना है। केंद्र ने आतंकवादी घटनाओं, पत्थरवाजी आदि में कमी सहित वो सारे आंकड़े प्रस्तुत किए जिनसे साबित होता है कि 370 के बाद जम्मू कश्मीर समान्य माहौल की ओर लौटा है।

कुछ लोगों को यह असाधारण फैसला लग सकता है क्योंकि कल्पना नहीं थी कि जम्मू कश्मीर में इतना व्यापक, संवैधानिक , कानूनी, प्रशासनिक परिवर्तन लाये जा सकते हैं। जम्मू कश्मीरआमूल रूप से बदल चुका है। सामान्य व्यक्ति के लिए यह समझना कठिन था कि कोई राज्य, जिसने स्वतंत्रता के बाद उसी विलय पत्र पर हस्ताक्षर किया जिस पर अन्य राज्यों ने, उसे संप्रभुता सहित अन्य अधिकार कैसे मिल गए कि भारत का संविधान विधानसभा की स्वीकृति के बिना लागू ही नहीं हो सकता। न्यायमूर्ति संजय किशन कॉल ने लिखा है कि जम्मू कश्मीर में केवल और केवल भारत का संविधान ही लागू होगा कोई और संविधान नहीं। इससे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जनसंघ और उसके उत्तराधिकारी भाजपा के एक विधान, एक प्रधान और एक निशान का नारा सही साबित होता है। आज यह प्रश्न उठाया जाना चाहिए कि उच्चतम न्यायालय ऐसा कह रहा है तो देश को गफलत में क्यों रखा गया? अगर 370 पहले निष्प्रभावी कर दिया जाता तो जम्मू कश्मीर में आतंकवाद, जिहादी कट्टरवाद पैदा नहीं होता , न इतने खून बहते और न ही गैर मुसलमानों को प्रदेश से भागने की नौबत आती। वाल्मीकि परिवारों सहित पाकिस्तान से आए शरणार्थियों को पूर्ण नागरिकता प्राप्त होती, वे मतदान करते और उसका असर विधानसभा से स्थानीय निकायों तक होता। 370 के निष्प्रभावी होने का ही परिणाम है कि पंचायतों व जिला विकास परिषदों के चुनाव हुए। अनुच्छेद 370 ने ही जम्मू कश्मीर को अपने लिए 35 ए धारा बनाने का अधिकार दिया जिसमें प्रदेश की नागरिकता तय करने का अधिकार जम्मू कश्मीर के पास रहा तथा लड़कियों के भारत के अन्य भाग में शादी करते ही संपत्ति सहित सारे अधिकार खत्म कर दिए गए। अब इस पर बहस होनी चाहिए कि इन लोगों के साथ अन्याय करने के दोषी कौन हैं? जम्मू कश्मीर के लोगों के अंदर भारत से अलग विशिष्ट यानी अलगाववाद की भावना पैदा के लिए किसे उत्तरदायी ठहराया जाए?

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### व्यंग्य

# गिनती रे गिनती बाता तो सही, तेरी कितनी है गिनती



प्रकाश हेमावत
व्यंग्यकार

वैसे देखा जाए तो गिनती मात्र तीन शब्दों से मिलकर एक वाक्य के रूप में बनी है। जिसे भूत, भविष्य और वर्तमान कह सकते हैं। यह शाश्वत सत्य है शुन्य का आविष्कार भारत की भूमि पर हुआ है लेकिन सैकड़ा, हजार, लाख, करोड़ की गिनती का आविष्कार कब कहां किस वक्त कैसे हुआ है यह कहना बहुत ही मुश्किल है परंतु लाखों, करोड़ों, हजारों नोटों की गिनती का आविष्कार कुछ तथा कथित नेताओं की काली कमाई ने किया ऐसा सुनने में आया है। गिनती, गिनती, गिनती कितनी गिनती करें। गिनती करते-करते गिनती की गिनती होने लगी 1000 करोड़, 2000 करोड़, 3000 करोड़ तक पहुंच गई।

पिछले दिनों ईवीएम से मतों की गिनती हुई तथा प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रिक मीडिया के चर्चित घरानों द्वारा किए गए सर्वे एवं पोल की गिनती की गई। इस गिनती को खबर बनाने वाले जाने-माने एंकर्स एवं राजनीति के गणितज्ञों द्वारा बताई गई गिनती के जाल से बाहर निकले नहीं थें कि, राजनीति में तथाकथित रूप से ईमानदारी का चोला पहने वाले नेता के पास अवैध तरीके से पकड़ीं गई धनराशि की गिनती करने वाले विभाग के पास नोटों की गिनती करने वाली मशीन थककर चूर हो गई फिर भी नोट गिनने की गिनती बंद नहीं हुई यह एक इतिहास है कि, गिनती तीन से चार दिन तक चली। राजनीतिज्ञ द्वारा गोपनी रूप से छिपाई गई वित्तीय धनराशि की गिनती, गिनती करते-करते गिनती भी अब विनती गिनती करने लग गई और “कितनी गिनती होगी।“ कल ही देर शाम को दिल को बड़ा सुकून मिला, खबर मिली की गोपनीय रूप से छिपाई गई राजनीतिज्ञ द्वारा वित्तीय धनराशि की गिनती खत्म हो गई। पिछले दिनों राजनीति के उच्च पद पर बैठे तथाकथित नेताओं के घर से इतने इतने नोटों के बंडलों की प्राप्ती हुई माफ करना जप्ती हुए कि, उनको गिनती करते-करते मशीन थक गई है अब सवाल यह उठता है कि एक नेता के पास जब इतनी धनराशि निकलकर आई तो सोचो इस देश में कितना काला धन इन नेताओं की जेब में, तिजोरी में छिपा होगा रखा होगा यह एक शोध का विषय हो सकता है। इधर बेचारा गरीब, आम नागरिक दिन-रात 2 जून की रोटी को प्राप्त करने के लिए महंगाई बेरोजगारी जैसी कई प्रकार की चक्कियों में पिस्ता जा रहा है धन दर्शन होना तो बहुत दूर की बात हो गई । जैसे तैसे अपने मेहनत की बल पर अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कैसे कर रहा है यह विचित्र स्थिति है समझने वाले समझ नहीं रहे और जो समझ रहे हैं वह बोल नहीं रहे हैं। सिर्फ एक ही नारा चला आ रहा है बाबा आदम के जमाने से गरीबी हटाओ, गरीबी हटाओ गरीबी तो हटी नहीं बल्कि गरीब जीवन रेखा से ही हट गएं।

देखा जाए तो गिनती का सिलसिला तो बरसों से चला आ रहा है कभी मान, सम्मान, अवाड्र्स, पुरस्कार, जानवरों, पक्षियों, नर, नारी बेरोजगारों, बाल बच्चों की गिनती आदि आदि की चली आ रही है। इस गिनती की महिमा भी बड़ी निराली है। आलीशान महलों, बिल्डिंग, कोठियां, वाहनों की संख्या कितनी कितनी होगी मेरे शहर में नेताओं के पास यह सोच सोच कर मेरा दिमाग भी अब गिनती के चक्कर में फस गया। वैसे वर्तमान में देखा जाए तो यही नेता पूर्व में कर्मठ, सेवा भावी, कर्णधार, इमानदार पार्टी व देश के प्रति ईमानदार नेता के रूप में आए थे और देखो ईमानदारी से काम करते हुए करत सेवा का मेवा इतना प्राप्त कर लिया कि कई पीढ़ियों तक पीछे पलट के देखने की जरूरत नहीं इसलिए गिनती के यह तीन शब्द वर्तमान के साथ भविष्य को सुधारते हुए भूतकाल निश्चितता के साथ जीवन में गुजारा किया जा सकता है। पांच तत्वों को साक्षी मानते हुए अंतर्मन की गहराई ने इस घटना ने मुझे भीतर तब हिला दिया हम किस दौर में जी रहे हैं।



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री @narendramodi
अगर हम इस समय, 140 करोड़ देशवासी, इस मिजाज से भर जाएं कि अब हमें देश को आगे ले जाना है, हर किसी की जिंदगी बदलनी है, हर किसी के शक्ति का सम्मान होना चाहिए... अगर हमने आज ये बीज बो लिया तो 2047 में ‘विकसित भारत’ बन जाएगा।

### नॉलेज कॉर्नर: चीन ने इजाद किया नया फॉर्मूला, दुनिया में इसकी चर्चा

# क्या है लोगों के जवान बने रहने की तकनीक

दुनिया में लोग जवान बनने के लिए तरह-तरह की चीजें अपना रहे हैं। तकनीक की मदद से लोग अपना बुढ़ापा छिपा रहे हैं। विदेशों के साथ-साथ अब भारत में भी ऐसी तकनीकों का इस्तेमाल हो रहा है। लेकिन चीन ने इस क्षेत्र में एक कदम और आगे बढ़ा दिया है। उसने ऐसी तकनीक का इजात किया है जो लोगों के बुढ़ापे को कम कर दे रहा है। चीन के इस फॉर्मूले की दुनियाभर में चर्चा है। चलिए जानते हैं कि आखिर चीनी वैज्ञानिकों ने क्या किया है।



#### हाइड्रोजन थेरेपी का विकास

चीनी शोधकर्ताओं ने हाइड्रोजन थेरेपी का विकास किया है, जिसका उपयोग इंसान के शरीर में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने और बुढ़ापे संबंधी समस्याओं को रोकने के लिए किया जा सकता है। शोधकर्ताओं की टीम ने नैनोटेक्नोलॉजी का उपयोग कर हाइड्रोजन समृद्ध पानी पीने और हाइड्रोजन गैस को सांस के साथ अंदर लेने के लिए एक प्रक्रिया विकसित की है। इस तकनीक का अनुसरण करते हुए, उन्होंने दावा किया है कि यह प्रतिक्रिया बुढ़ापे की बीमारियों को रोकने में मदद कर सकती है, जैसे कि हड्डियों के रोग और अन्य समस्याएं।

#### ऐसे काम करती है ये तकनीक

इस शोध में, हाइड्रोजन को सुरक्षित रूप से शरीर में पहुंचाने के लिए वैज्ञानिकों ने नैनोटेक्नोलॉजी का उपयोग किया है, जिससे हाइड्रोजन को 40,000 गुना ज्यादा प्रभावी तरीके से अवशोषित किया जा सकता है। यह तकनीक शरीर में हाइड्रोजन को एक हफ्ते तक धीमी गति से प्रवाहित करती है और हाइड्रोजन समृद्ध पानी की प्राप्ति के लिए 30 मिनट से अधिक समय नहीं लेती है।

#### बुढ़ापे संबंधी समस्याओं का समाधान

*शोधकर्ता कहते हैं कि यह तरीका आने वाले समय में अन्य बुढ़ापे संबंधी समस्याओं का समाधान भी प्रदान कर सकती है, जैसे कि अल्जाइमर जैसे रोग। इस तकनीक का विकास हाइड्रोजन की बड़े स्तर पर काम करने वाले एंटीएजिंग विशेषताओं की खोज पर आधारित है, जिससे उम्र बढ़ने के साथ होने वाली कोशिका चक्र क्रियाओं में गिरावट को रोकने में मदद की जा सकती है।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

### कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक 21 को, लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबले की रणनीति होगी तैयार

# इंडिया के साथ सीटों के बंटवारे व प्रचार अभियान पर होगा मंथन

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने 2024 के आम चुनावों की रणनीति पर विचार-विमर्श करने और भाजपा से मुकाबला करने के लिए चुनाव अभियान की योजना तैयार करने के लिए 21 दिसंबर को अपनी कार्य समिति की बैठक बुलाई है।

सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बैठक बुलाई है जो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में होगी। यह बैठक विपक्षी गुट 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की 19 दिसंबर को होने वाली बैठक के दो दिन बाद होगी। बैठक के दौरान देश की राजनीतिक स्थिति और आगे की योजना पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि सीट का बंटवारा एवं प्रचार अभियान पर चर्चा बैठक के एजेंडे में संभवतः शीर्ष पर रहेंगे। बैठक में 2024 के चुनाव से पहले बेरोजगारी और महंगाई को मुख्य मुद्दा बनाकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यात्रा की संभावना पर भी चर्चा हो सकती है।



### विधानसभा चुनाव परिणामों पर भी होगी चर्चा

सूत्रों ने बताया कि सीडब्ल्यूसी की बैठक में हालिया विधानसभा चुनाव परिणाम का विश्लेषण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पार्टी अपनी हार के कारणों और 2024 में होने वाले आम चुनावों की रणनीति पर विचार-विमर्श करेगी। बैठक हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में होगी। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। उसने तेलंगाना में सरकार का गठन किया। पार्टी को मिजोरम में भी हार का सामना करना पड़ा।

### विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक कल

कांग्रेस कार्य समिति की बैठक से पहले विपक्षी गुट 'इंडिया' के नेताओं की चौथी बैठक 19 दिसंबर को अपराह्न तीन बजे नई दिल्ली में होगी। 'इंडिया' की इस बैठक में एक मुख्य सकारात्मक एजेंडा बनाने, सीट के बंटवारे और संयुक्त रैलियां आयोजित करने के कार्यक्रम पर चर्चा हो सकती है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों का इरादा एकजुटता बनाये रखते हुए 'मैं नहीं, हम' नारे के साथ आगे बढ़ने का है।

### पूर्व से पश्चिम की यात्रा पर विचार

सूत्रों ने कहा कि पार्टी पैदल सहित 'हाइब्रिड मोड' (अलग-अलग माध्यमों से) में पूर्व से पश्चिम की यात्रा करने पर विचार कर रही है और इस संबंध में जल्द ही अंतिम निर्णय लिए जाने की संभावना है। कांग्रेस पहले ही राजीव गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा निकाल चुकी है। पार्टी इसे लोगों से जुड़ने की दृष्टि से अहम मानती है।

---

### 'इंडिया' के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी सपा



**मुजफ्फरनगर (उप्र)।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी केंद्र एवं उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा को हराने के लिए विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के साथ मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेगी। शिवपाल यादव ने रविवार को यहां पत्रकारों से कहा, 2024 के आगामी लोकसभा चुनाव में हम भाजपा को हराएंगे। बसपा के साथ गठबंधन के बारे में उन्होंने कहा कि बसपा नेतृत्व को पहले भाजपा से दूरी बनानी चाहिए और भाजपा की 'बी' टीम के रूप में काम नहीं करना चाहिए। गठबंधन में सीट बंटवारे के बारे में पूछे जाने पर यादव ने कहा कि सीटों के बंटवारे में अभी वक्त है।

### बूढ़ा नहीं हुआ हूं, कुछ लोगों को सीधा कर सकता हूं



**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि वह बूढ़े नहीं हुए हैं और उनमें अब भी कुछ लोगों को सीधा करने की ताकत है। पुणे की हवेली तहसील के चारकोली में एक बैलगाड़ी दौड़ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पवार ने कहा, मुझे आपसे शिकायत है। आप सभी अपने भाषणों में इस बात पर जोर देते रहते हैं कि मैं 83 साल का हूं, मैं 84 साल का हूं। आपने क्या देखा है? मैं बूढ़ा नहीं हुआ हूं। आप चिंता न करें। इस साल दो जुलाई को अजित पवार और आठ विधायक शिंदे नीत महाराष्ट्र सरकार में शामिल होगए थे।

### प्रधानमंत्री की विपक्ष से विवाद खड़ा न करने की अपील

# संसद की सुरक्षा में सेंध काफी गंभीर मामला: PM

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संसद की सुरक्षा में सेंध काफी गंभीर मामला है और विपक्ष को इस मामले को लेकर विवाद नहीं खड़ा करना चाहिए।

मोदी ने एक हिंदी समाचार पत्र से साक्षात्कार के दौरान कहा कि जांच एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं और कड़े कदम उठा रही हैं। इस हमले में शामिल लोगों और उनके मकसद की गहराई तक पहुंचना भी उतना ही जरूरी है। समाचार पत्र के अनुसार, मोदी ने सुरक्षा में सेंध की इस घटना को पीड़ादायक और चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा, सभी को एक साथ समाधान खोजने का प्रयास करना चाहिए। ऐसे मुद्दे पर वाद-विवाद या प्रतिरोध से सभी को बचना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, संसद में जो घटना हुई उसकी गंभीरता को जरा भी कम नहीं आंकना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष इस मामले को लेकर पूरी गंभीरता के साथ आवश्यक कदम उठा रहे हैं।



### पीएम पर बहस से बचने का आरोप

दूसरी ओर कांग्रेस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर संसद में सुरक्षा चूक मामले पर बहस से भागने का आरोप लगाया और कहा कि इसका कारण यह है कि सदन में कूदने वाले युवकों को प्रवेश की सुविधा देने में मैसूर के भाजपा सांसद की भूमिका पर सवाल उठाए जाएंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री ने आखिरकार 13 दिसंबर को लोकसभा में हुई असाधारण घटना पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उनका कहना है कि बहस की नहीं बल्कि जांच की जरूरत है और मामले की जांच चल रही है। इंडिया गठबंधन के सभी दल गृह मंत्री के बयान की मांग कर रहे हैं।

## गंभीर मामला, जांच करने दीजिए: ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नये संसद भवन में सुरक्षा चूक मामले पर रविवार को चिंता व्यक्त की और कहा कि यह काफी गंभीर मामला है। संसद सुरक्षा चूक मामले के आरोपियों में शामिल ललित मोहन झा के पश्चिम बंगाल से संबंध होने की खबरों को खारिज करते हुए उन्होंने दावा किया कि यह बंगाल को बदनाम करने की भाजपा की चाल है।



बनर्जी ने दिल्ली रवाना होने से पहले यहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, संसद की सुरक्षा में सेंध एक गंभीर मामला है। उन्हें इसकी जांच करने दीजिए। बनर्जी ने कहा कि वह मंगलवार को इंडिया गठबंधन की बैठक में भाग लेंगी और अगले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर पश्चिम बंगाल को बकाया राशि जारी करने के लिए दबाव डालेंगी।

### रघुराम राजन की तेलंगाना के सीएम से मुलाकात

एजेंसी | हैदराबाद

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने रविवार को यहां तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से मुलाकात कर राज्य की वर्तमान आर्थिक स्थिति और इसके विकास के लिए अपनाई जाने वाली रणनीतियों पर चर्चा की। राजन ने मुख्यमंत्री से अर्थशास्त्र के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किए।उन्होंने राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए कुछ सुझाव भी दिए।

### श्रीमद्भगवद्गीता पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में बोले धनखड़...

## राष्ट्र विरोधी विमर्श कोविड की तरह

एजेंसी | चंडीगढ़

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को राष्ट्र विरोधी विमर्श को 'कोविड वायरस' करार दिया और कहा कि उन्हें बेअसर करना होगा।

धनखड़ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा 'वसुधैव कुटुम्बकम : श्रीमद्भगवद्गीता एवं वैश्विक एकता' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। धनखड़ ने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से या समझ की कमी के कारण कुछ लोगों को देश विरोधी बातें फैलाने में मजा आता है।

### गीता का दर्शन भारतीय संस्कृति का आधार

उपराष्ट्रपति ने कहा कि गीता का दर्शन भारतीय सभ्यता और इसकी संस्कृति का आधार है, और वर्तमान समय में निष्पक्षता, पारदर्शिता, समानता और सार्वभौमिक भाईचारे के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर देने के साथ ही भारत के शासन की आत्मा है।उन्होंने कहा कि आज भारत विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है। हम एक विश्व शक्ति हैं, हम शांति के लिए खड़े हैं, हम वैश्विक स्थिरता के लिए खड़े हैं।

### मराठा समुदाय 23 को तय करेगा रणनीति



**जालना (महाराष्ट्र)।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने रविवार को कहा कि यदि महाराष्ट्र सरकार उनकी आरक्षण की मांग को पूरा करने में विफल रहती है, तो समुदाय बीड में 23 दिसंबर को होने वाली बैठक में अपनी अगली कार्रवाई की रूपरेखा तैयार करेगा।

जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव में एक बैठक के दौरान जरांगे ने पत्रकारों से कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे 18 दिसंबर को विधानसभा में एक बयान दे सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य के मंत्री उदय सामंत ने उन्हें सुबह फोन करके आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

जरांगे ने कहा कि सरकार ने अधिनियम पारित करने के लिए एक महीने का समय मांगा था, लेकिन अगर वह अनुपालन करने में विफल रहती है तो अगली रणनीति 23 दिसंबर को बीड में तय की जाएगी।

### मुख्यमंत्री विजयन का आरोप

## केरल की शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं राज्यपाल

एजेंसी | पथनमथिट्टा (केरल)

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने रविवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पर जानबूझकर 'भड़काऊ' बयान देकर राज्य की शांति को जानबूझकर भंग करने का प्रयास करने का आरोप लगाया।



मुख्यमंत्री ने यह गंभीर आरोप राज्य सरकार के एक जन संपर्क कार्यक्रम नव केरल सदास के हिस्से के रूप में यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान लगाया। राज्यपाल द्वारा प्रदर्शन कर रहे स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया कार्यकर्ताओं को 'अपराधी' कहे जाने के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए विजयन ने कहा, खान ऐसी अवस्था में पहुंच गए हैं, जिसमें उनके मन में जो आता है, वह कह देते हैं। वह भूल रहे हैं कि वह केरल के राज्यपाल हैं। विजयन ने कहा कि उन्होंने पहले भी कहा था कि खान जानबूझकर अपने कृत्यों के माध्यम से राज्य की शांति को भंग करने की कोशिश कर रहे हैं'' और यह राज्यपाल के बाद के कृत्यों से भी साबित हो गया है।

मुख्यमंत्री ने माकपा की छात्र इकाई एसएफआई के प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं को अपराधी और गुंडा कहने को लेकर भी खान की आलोचना की। उन्होंने कहा, वह प्रदर्शनकारियों के खिलाफ ऐसे अभद्र शब्दों का इस्तेमाल कैसे कर सकते हैं। ज्ञात रहे कि खान ने एक दिन पहले दोहराया था कि सत्तारूढ़ माकपा की छात्र इकाई के कार्यकर्ता अपराधी हैं, जिन्हें अपने किसी भी फैसले पर सफाई देने के लिए वह बाध्य नहीं हैं। खान ने यह आरोप तब लगाया था, जब उनके वाहन पर कथित तौर पर एसएफआई कार्यकर्ताओं ने हमला किया था। खान के मुताबिक, जब वह दिल्ली जाने के लिए तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा जा रहे थे, तब एसएफआई कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर उनके वाहन पर हमला किया था।

### रमन बनेंगे स्पीकर, नामांकन दाखिल



***रायपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने रविवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के वरिष्ठ नेताओं ने सिंह के नामांकन के समर्थन में प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने नामांकन का समर्थन करने के लिए कांग्रेस विधायक दल के नेता महंत और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया।*

---

### चिदंबरम ने पार्टी नेतृत्व व विपक्ष को चेताया, कहा...

# BJP हर चुनाव ऐसे लड़ती है जैसे अंतिम लड़ाई हो, इससे सीखें विपक्षी दल

एजेंसी | कोलकाता

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने हाल में हुए छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार को अप्रत्याशित और चिंता का विषय बताया।

चिदंबरम ने 'पीटीआई-भाषा' से एक विशेष साक्षात्कार में रविवार को कहा कि भाजपा हर चुनाव ऐसे लड़ती है कि जैसे यह अंतिम लड़ाई हो और विपक्षी दलों को इसका अहसास होना चाहिए। उन्होंने कहा, तीन राज्यों -छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भाजपा की जीत 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के लिए काफी उत्साह बढ़ाने वाली है।

### राजस्थान व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार अप्रत्याशित, नतीजे चिंताजनक



छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की हार अप्रत्याशित है। नतीजे चिंताजनक हैं और मुझे यकीन है कि पार्टी का नेतृत्व कमजोरियों पर ध्यान देगा। बहरहाल, पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि चार बड़े राज्यों - राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में पार्टी का 40 फीसदी मत प्रतिशत बरकरार नजर आता है।

### कमजोरियों पर ध्यान दे पार्टी नेतृत्व

### कांग्रेस को इन मुद्दों का ढूंढना होगा जवाब

भाजपा के ध्रुवीकरण, परोक्ष मुस्लिम विरोधी और ईसाई विरोधी प्रचार और अति राष्ट्रवाद पर चिंता जताते हुए चिदंबरम ने कहा कि पार्टी को इसका करारा जवाब तलाशना पड़ेगा। उत्तरी और मध्य भारत के राज्य इस तरह की अपील से अधिक प्रभावित दिखते हैं। उन्होंने कहा, यह जबरदस्त संयोजन है। भाजपा ने कल्याणकारी कदमों (तथाकथित मुफ्त की रेवड़ियों) के खिलाफ अपना राग छोड़ दिया है।

### जातिगत जनगणना महत्वपूर्ण मुद्दा, पर निर्णायक कारक नहीं

जाति जनगणना के 2024 के चुनावों के लिए पार्टी का शीर्ष एजेंडा होने पर चिदंबरम ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, लेकिन शायद निर्णायक कारक न हो। मेरी राय में बेरोजगारी और महंगाई सूची में शीर्ष पर हैं। प्रत्येक सर्वेक्षण में ये दो मुद्दे हैं, जिनसे लोग सबसे ज्यादा परेशान हैं। यह पूछने पर कि क्या नोटबंदी, राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का आगामी चुनावों में भाजपा के वोट बैंक पर असर पड़ेगा, इस पर चिदंबरम ने कहा, नोटबंदी एक पुराना मुद्दा है। अगर सरकार एनआरसी और सीएए को लागू करने की

### बताए मत प्रतिशत बढ़ाने के सूत्र

चिदंबरम ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अंतिम व्यक्ति तक चुनाव प्रचार कर, बूथ प्रबंधन और मतदान वाले दिन सुस्त मतदाता को मतदान केंद्र तक लाने जैसे मुद्दों से निपटकर लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी का मत प्रतिशत 45 फीसदी तक बढ़ाया जा सकता है।

### हवा भाजपा के पक्ष में, पर बदल सकती है दिशा

अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत का अनुमान जताने वाले चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों पर चिदबंरम ने कहा, हवा भाजपा के पक्ष में बह रही है। लेकिन हवा की दिशा बदल सकती है। भाजपा कभी किसी चुनाव को हल्के में नहीं लेती। वह ऐसे लड़ती है, जैसे कि यह आखिरी लड़ाई हो। विपक्षी दलों को भाजपा के लड़ने के गुण का अहसास होना चाहिए।

### सक्षम उम्मीदवारों की करनी होगी पहचान

विपक्षी गुट 'इंडिया' की लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर कांग्रेस नेता ने कहा कि गठबंधन के नेताओं को उन उम्मीदवारों की पहचान करनी होगी, जो कम से कम 400-425 सीटों पर भाजपा से मुकाबला कर सकते हैं। 'इंडिया' गठबंधन के प्रधानमंत्री पद के चेहरे और उसकी सीट बंटवारे की योजनाओं पर उन्होंने कहा कि गठबंधन के नेताओं के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया से प्रधानमंत्री पद के चेहरे की पहचान करने में मदद मिलेगी, लेकिन उससे कहीं ज्यादा आगामी लोकसभा चुनाव जीतने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, सरकार का नेतृत्व करने वाले व्यक्ति का चयन चुनावों के बाद किया जाएगा। नेता का चयन करने में लोगों की प्रतिक्रिया अहम होगी। फिलहाल मुख्य लक्ष्य चुनाव जीतना है।

## जरूरी खबर

### संसद सुरक्षा में सेंध: फोन के टूटे व जले हुए टुकड़े बरामद

**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में सेंध लगने के चार दिन बाद दिल्ली पुलिस ने राजस्थान के नागौर से टूटे और जले हुए कुछ मोबाइल फोन के टुकड़े बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी में सबूत मिटाने से जुड़ी भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराएं जोड़ दी हैं। जांच से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि ललित झा की निशानदेही पर शनिवार को मोबाइल फोन के कुछ टुकड़े बरामद किए गए हैं। झा इस मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए छह लोगों में शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की एक टीम शनिवार को झा को राजस्थान के नागौर ले गई जहां वह आरोपी महेश कुमावत की मदद से ठहरा था। सूत्रों ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने 13 दिसंबर को दर्ज प्राथमिकी में धारा 201 (साक्ष्य नष्ट करना/साक्ष्य गायब करना) सहित आईपीसी की और धाराएं जोड़ने का फैसला किया है।

### अभिनेत्री तनुजा अस्वस्थ, अस्पताल में भर्ती



**मुंबई।** बीते जमाने की मशहूर अदाकारा तनुजा को उम्र संबंधी समस्याओं के कारण रविवार शाम को यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक सूत्र ने बताया कि 80 वर्षीय अभिनेत्री जुहू स्थित एक अस्पताल के सघन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती हैं। सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, वह निगरानी में हैं। उन पर इलाज का असर हो रहा है। चिंता की कोई बात नहीं है। लोकप्रिय अभिनेत्री तनुजा ने कई हिंदी और बंगाली फिल्मों में काम किया है। वह गुजरे जमाने की स्टार शोभना समर्थ और निर्माता कुमारसेन समर्थ की बेटी हैं।

### JK: तीन 'हाइब्रिड' आतंकवादियों को किया गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर के बेमिना इलाके में पिछले सप्ताह एक पुलिसकर्मी पर हुए हमले में शामिल तीन 'हाइब्रिड' आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आर. आर. स्वैन ने रविवार को यह जानकारी दी। 'हाइब्रिड' आतंकवादी वे होते हैं जो हमले करते हैं और फिर वापस नियमित जीवन जीने लगते हैं। उन्होंने बताया कि कॉन्स्टेबल मोहम्मद हाफिज चक पर नौ दिसंबर को उस समय हमला हुआ था जब वह अपनी ड्यूटी करने के बाद घर लौट रहे थे।

## सूरत डायमंड बोर्स: रोशनी से जगमग हीरा व्यापार का नया केंद्र



सूरत। रोशनी में नहाई सूरत डायमंड बोर्स की इमारत।

**क्या होगा लाभ**
यह कच्चे और पॉलिश किए गए हीरों के साथ-साथ आभूषणों के व्यापार का एक वैश्विक केंद्र होगा।

### एक नजर में... सूरत डायमंड बोर्स का परिसर

- 2015 में एसडीबी और ड्रीम सिटी परियोजना की रखी गई थी नींव
- 35.54 एकड़ जमीन पर बनी है ड्रीम सिटी की इमारत
- 67 लाख वर्ग फीट से अधिक के क्षेत्र में फैला है परिसर
- 4,500 हीरा व्यापार कार्यालय हैं इसमें
- 300 वर्ग फीट से लेकर 01लाख वर्ग फुट तक के हैं कार्यालय
- 15 मंजिल वाले भवन में हैं 9 टावर हैं।
- 1.5 लाख नौकरियों की उम्मीद

### ये सुविधाएं भी हैं SDB परिसर में

- आयात और निर्यात के लिए एक अत्याधुनिक 'सीमा शुल्क मंजूरी गृह'
- खुदरा आभूषण व्यवसाय के लिए आभूषण मॉल
- अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग की सुविधा होगी।

**हीरा कारोबार का नया मुकाम: दुनिया का सबसे बड़ा कार्यालय भवन**

# तीसरे कार्यकाल में भारत बनेगा तीसरी बड़ी इकोनॉमी:PM मोदी

**एजेंसी** | सूरत (गुजरात)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां विशाल 'सूरत डायमंड बोर्स' परिसर का उद्घाटन करने के बाद कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़े अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हीरा और आभूषण कारोबार के लिए दुनिया का सबसे बड़ा और आधुनिक केंद्र 'सूरत डायमंड बोर्स' नए भारत की ताकत और संकल्प का प्रतीक है। इस मौके पर एक सभा का संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सूरत का हीरा उद्योग आठ लाख लोगों को रोजगार दे रहा है और नए बोर्स से 1.5 लाख और नौकरियां पैदा होंगी। उन्होंने कहा, भारत पिछले 10 साल में 10वें स्थान से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गया है। अब, मोदी गारंटी देता है कि अपने तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। उन्होंने कहा, मेड इन इंडिया एक मजबूत ब्रांड बन गया है। आपके कारोबार और आभूषण क्षेत्र को इससे लाभ मिलेगा। इसलिए मैं आपसे संकल्प लेने और इसे पूरा करने का अनुरोध करता हूं।

### नए भारत की ताकत और संकल्प का प्रतीक है एसडीबी: मोदी



### सूरत की भव्यता में एक और हीरा जुड़ा

मोदी ने कहा, सूरत की भव्यता में एक और हीरा जुड़ गया है- कोई छोटा-मोटा हीरा नहीं बल्कि दुनिया का सबसे बेहतरीन हीरा । इस हीरे की चमक के आगे दुनिया की बड़ी-बड़ी इमारतें तक फीकी पड़ जाती हैं। जब भी कोई दुनिया में इस डायमंड बोर्स की बात करेगा तो सूरत और भारत का जिक्र आएगा। सूरत डायमंड बोर्स भारतीय डिजाइन, डिजाइनर, सामग्री और अवधारणा की क्षमता दिखाता है। ज्ञात रहे कि दुनिया के सबसे बड़े कार्यालय परिसर वाली सूरत डायमंड बोर्स (एसडीबी) इमारत 67 लाख वर्ग फुट से अधिक के क्षेत्र में फैली है और सूरत शहर के समीप खजोद गांव में स्थित है।

### अगले 25 वर्ष के लिए लक्ष्य तय

सरकार ने अगले 25 वर्षों के लिए भी लक्ष्य तय किए हैं। हम 5-10 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के साथ ही निर्यात को रिकॉर्ड उच्च स्तर पर रखने का लक्ष्य तय करने पर काम कर रहे हैं।


### विकसित भारत संकल्प यात्रा मेरे लिए कसौटी: PM

**वाराणसी ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा को सरकार द्वारा चलाई जा रही परियोजनाओं को लेकर जनता की प्रतिक्रिया जानने का अवसर करार देते हुए रविवार को कहा कि यह यात्रा खुद उनके लिए भी एक कसौटी और परीक्षा है कि जो उन्होंने कहा था वह वास्तव में जनता तक पहुंच भी रहा है या नहीं। मोदी ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं लेकिन अब भी खबर मिलती है कि फलां गांव में कोई व्यक्ति फलां योजना के लाभ से वंचित रह गया है, इसीलिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। हमने तय किया कि फिर से एक बार देश भर में जाएं। सरकार की जो योजनाएं हैं... जिन्हें लाभ मिला है उनसे सुनें कि उन्हें क्या-क्या मिला।

# 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना हो रही है मजबूत

### काशी तमिल संगमम कार्यक्रम शुरू

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि 'काशी तमिल संगमम' कार्यक्रम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को लगातार मजबूत कर रहा है।पिछले एक वर्ष के दौरान हुए अनेक कार्य



इस बात के प्रमाण हैं कि काशी और तमिलनाडु के रिश्ते भावनात्मक भी हैं एवं रचनात्मक भी। यही प्रवाह है जो आज हमारे राष्ट्र की आत्मा को सींच रहा है। प्रधानमंत्री ने नमो घाट से 'काशी तमिल संगमम' के दूसरे संस्करण की शुरुआत करने के बाद अपने संबोधन में यह बाते कहीं। उन्होंने कहा, पिछले वर्ष काशी तमिल संगमम शुरू होने के बाद से ही इस यात्रा से दिनोंदिन लाखों लोग जुड़ रहे हैं। विभिन्न मतों के धर्मगुरु, छात्र, कलाकार, साहित्यकार, शिल्पकार और पेशेवर और न जाने कितने क्षेत्रों के लोगों को इस संगम से आपसी संवाद और संपर्क का एक प्रभावी मंच मिला है।

**बढ़ेगी देश की सैन्य ताकत**

# वायु रक्षा प्रणाली समर का सफल परीक्षण

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना ने रविवार को वायु रक्षा प्रणाली समर (Surface to Air Missile for Assured Retaliation-सतह से हवा में सुनिश्चित जवाबी प्रहार के लिए मिसाइल) का सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल को भारत में ही विकसित किया गया है और यह स्वदेशी डिजाइन पर आधारित है।

वायुसेना को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह अहम कदम है। वायुसेना ने अपने पुरानी रूसी मूल की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणालियों का इस्तेमाल करके सतह से हवा में मार करने वाली यह वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली विकसित की है.

वायुसेना के अधिकारियों ने बताया, समर वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली का हाल ही में एयरफोर्स स्टेशन सूर्यलंका में आयोजित अस्त्रशक्ति-2023 अभ्यास के दौरान सफलतापूर्वक फायरिंग परीक्षण किया है। इस वायु रक्षा प्रणाली को वायुसेना की मेंटिनेंस कमांड की एक यूनिट द्वारा ही विकसित किया गया है। पहली बार इस एयर डिफेंस सिस्टम का फील्ड परीक्षण किया गया।



### दुश्मन की मिसाइलों को कर देगा तबाह

समर हवाई रक्षा प्रणाली से 2 से 2.5 मैक की गति वाली मिसाइल को तबाह किया जा सकता है। इसमें दो लॉन्चिंग प्लेटफॉर्म हैं और खतरे को भांपते हुए इसमें एक साथ दोनों मिसाइलों को लॉन्च किया जा सकता है।

### आकाश का भी परीक्षण

युद्धाभ्यास अस्त्रशक्ति के तहत वायुसेना ने अपने एक और स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम आकाश का भी परीक्षण किया। आकाश एयर डिफेंस सिस्टम ने एक साथ चार लक्ष्यों को भेद दिया।

## प्रतिभा को पुरस्कार



*हैदराबाद। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को हैदराबाद के निकट डुंडिगल में वायु सेना अकादमी में कम्बाइंड ग्रेजुएशन परेड की सलामी ली। पाठ्यक्रम में समग्र योग्यता क्रम में प्रथम स्थान पाने वाले नव अफसरों को सम्मानित किया गया।*

**एक कार्यक्रम में बोले विदेश मंत्री**

# पुराने क्लब की तरह है यूएन सुरक्षा परिषद: जयशंकर

**एजेंसी** | बेंगलुरु

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद एक पुराने क्लब की तरह है। यहां ऐसे सदस्य हैं, जो सिर्फ क्लब पर नियंत्रण रखना चाहते हैं। वह इसमें अधिक सदस्यों को शामिल नहीं करना चाहते हैं। इससे यह दुनिया को नुकसान पहुंचा रहा है। जयशंकर ने यहां रोटरी इंस्टीट्यूट द्वारा 'परिवर्तन का एक दशक' विषय पर आयोजित व्याख्यान के बाद संवाद के दौरान यह टिप्पणी की। कहा कि आज अगर आप दुनिया के 200 देशों से पूछें। क्या आप सुधार चाहते हैं या नहीं। इस पर बड़ी संख्या में देश हां कहेंगे।



### G20 बैठक कूटनीतिक उपलब्धि

विदेश मंत्री जयशंकर ने हाल ही में भारत में संपन्न हुए जी-20 को कूटनीतिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि G20 विश्व कप की तरह है, जहां सबसे बड़े और मजबूत खिलाड़ी एक साथ आए। दुनिया के सबसे प्रभावशाली, शक्तिशाली और पारिणामिक देश एक साथ इकट्ठा हुए।

### पड़ोसियों से रिश्ते चुनौतीपूर्ण, पर हम हार नहीं मानेंगे

इसके अलावा उन्होंने भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंध पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ संबंध वास्तव में एक अपवाद है। हमें यह उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि हमारे सभी पड़ोसी हर दिन हमारे साथ सभी मुद्दों पर सहमत होंगे। उन्होंने कहा कि हम निश्चित रूप से चाहेंगे कि चीन के साथ हमारे संबंध आज की तुलना में बेहतर हों, लेकिन अगर पिछले तीन सालों में हालात और कठिन हो गए हैं तो यह हमारे कारण नहीं है। इसलिए कि उन्होंने सीमा पर समझौतों का पालन नहीं करने का चुनाव किया है, लेकिन फिर भी कूटनीति यह है कि आपके पड़ोसी भले ही चुनौतीपूर्ण हों, लेकिन आप कभी हार नहीं मानते।

### अमेरिका और कनाडा के रुख में है जमीन आसमान का अंतर

कनाडा और अमेरिका में खालिस्तानी आतंकियों की हत्या की साजिश को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दोनों बातों में जमीन आसमान का फर्क है। कनाडा ने जिस तरह से भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाए वे सरासर गलत और निराधार हैं। वहीं अमेरिका ने कुछ बातों की ओर संकेत किया था, जिसको लेकर कुछ सबूत भी दिए गए। भारत हमेशा किसी भी देश द्वारा उठाए गए मुद्दों पर बात करने और उनसे निपटने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री ने कहा, अगर किसी देश के सामने कोई समस्या है और वह उसे हमारे सामने रखता है तो इनपुट के आधार पर हम हमेशा उसको देखने के लिए तैयार हैं। हमने कनाडा को बता दिया कि केवल आरोप से काम नहीं चलेगा। जब इसका कोई सबूत होगा तो इसपर विचार किया जाएगा। जयशंकर ने कहा, अमेरिका ने भारत से कहा कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंतसिंह की हत्या की साजिश को लेकर जांच में सहयोग किया जाए। इसके बाद अमेरिकी न्याय विभाग ने निखिल गुप्ता नाम के शख्स के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।

**श्रमबल सर्वेक्षण का निष्कर्ष**

# राजस्थान में बेरोजगारी दर करीब 21.3 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** देश में 15 साल और उससे अधिक उम्र के स्नातकों के बीच बेरोजगारी की दर 2022-23 में घटकर 13.4 प्रतिशत रह गई है, जो इससे पिछले साल में 14.9 प्रतिशत थी।बड़े राज्यों की बात करें, तो राजस्थान में बेरोजगारी दर 23.1 प्रतिशत और ओडिशा में 21.9 प्रतिशत थी। एक सरकारी सर्वेक्षण से यह जानकारी मिली है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के ताजा आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के स्नातकों के बीच सबसे कम बेरोजगारी दर (5.6 प्रतिशत) चंडीगढ़ में रही। इसके बाद 5.7 प्रतिशत के साथ दिल्ली का स्थान रहा। आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 में सबसे ऊंची बेरोजगारी दर (33 प्रतिशत) अंडमान और निकोबार द्वीप में रही। इसके बाद लद्दाख में यह दर 26.5 प्रतिशत और आंध्र प्रदेश में 24 प्रतिशत रही।

बेरोजगारी या बेरोजगारी दर को श्रमबल में बेरोजगार व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है। लगातार श्रमबल के आंकड़ों पर निगाह रखने के लिए एनएसएसओ ने अप्रैल, 2017 में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण शुरू किया था। यहां संदर्भ की अवधि जुलाई, 2022 से जून, 2023 तक है।

### पुराने नगमे और लाइफ टाइम अचीवमेन्ट अवॉर्ड की जयपुर में जुगलबंदी

# जीना इसी का नाम है में छाया 'चांद सा रोशन चेहरा'





**बेधड़क | जयपुर**

'पुकारता चला गया..., ये चांद सा रोशन चेहरा....' जैसे गीत जब गुलाबी फिजा में घुले तो कला प्रेमियों के दिल बॉलीवुड के गोल्डन ऐरा में गोते लगाने लगे। जैसे-जैसे गीतों का सिलसिला बढ़ता गया, वैसे ही शाम और खुशनुमा होती गई। ये अनूठी शाम 'जीना इसी का नाम है' के नाम से सजाई गई, जहां पुराने नगमे और लाइफ टाइम अचीवमेन्ट अवॉर्ड की जुगलबंदी देखी गई। रंग कलश संस्था व मुंबई के तिरुपति इवेन्ट्स के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर के महाराणा प्रताप सभागार में हुए इवेंट में एक से बढ़कर एक गाने गाए गए। संस्था अध्यक्ष सुनित शाह ने बताया कि सदाबहार गीत 'पुकारता चला गया', 'ये चांद सा रोशन चेहरा' जैसे मोहम्मद रफी के गीतों को न्यायाधीश के. पी. सक्सैना ने स्वर दिए। मुंबई से गायक गोविंद मिश्रा व प्रियंका मुखर्जी ने 'होठों पे सच्चाई रहती है, कहां गए वो दिन..., दमादम मस्त कलंदर...' जैसे मुकेश व लता मंगेशकर के गीतों को स्वर देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। मुंबई से सुनित शाह ने किशोर दा के मशहूर नगमे सुनाए। तृप्ति शाह, डॉ. उषा नायर, सोनिका पारीक, प्रीति पुरोहित, अरुण, धानुका, मंजू गोयनका तथा विकास खटोड़ व गुलाटी ने अपने नगमों से दर्शकों का दिल जीत लिया।

#### सम्मान देकर देते हैं खुशियां

रंग कलश संस्था सचिव व कार्यक्रम संयोजक नन्द के पारीक ने बताया कि लुप्त होती लोक कला संस्कृति व सांस्कृतिक वीरासत को जीवंत रखने के साथ सामाजिक कार्यो को आगे बढ़ाया जा रहा है। साथ ही रचनात्मक व कलात्मक क्षेत्र में विशिष्ट प्रतिभाओं को मंच दिया जा रहा है और असहाय, वृद्धजन, अनाथ आश्रम, बाल आश्रम तथा कुष्ठ आश्रम में काम कर रहे हैं। वीरांगनाओं का सम्मान 7 वर्षों से कर रहे हैं।

#### इनको मिले अवॉर्ड

कार्यक्रम समन्वयक घनश्याम पारीक और कमलेश अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान लोक नृत्य तेरह ताली के लिए विख्यात और अनुभवी भवई नृत्य गुरू डॉ. रूपसिंह शेखावत को उनकी लोक साधना के लिए तथा विख्यात तबला वादक गुरु डॉ. वसुधा सक्सैना राजस्थान संगीत नाटक अकादमी को कला के प्रति उनकी महत्ती भूमिका के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग राजीव दीवान व दलपत लोढ़ा का रहा। कार्यक्रम के अंत में आरपी शाह, संतोष पी वाधवानी, पवन पारीक, कमलेश अग्रवाल अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने दर्शकों का आभार जताया। कार्यक्रम में उद्घोषक अरुण किम्मतकर, उद्घोषिका रितिका पारीक रहे।

## चातुर्मास के लिए किया निवेदन



**बेधड़क. जयपुर।** अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान प्रांत राजस्थान के पदाधिकारियों ने अभिक्षण ज्ञानोपयोगी प. पु. आचार्य वसुनंदीजी ससंघ को 2024 का चातुर्मास जयपुर में करने के लिए निवेदन किया। रविवार को जम्बूस्वामी तपोस्थली बोलखेड़ा में भगवती जैनेश्वरी दीक्षा कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला, महामंत्री सुनील पहाड़िया, संयुक्त महामंत्री संजय बड़जात्या, कोषाध्यक्ष पंकज लुहाड़िया, महेश काला, महावीर पाटनी, सोभाग अजमेरा आदि ने आचार्यश्री का अर्घ्य बोलते हुए निवेदन किया कि जैन नगरी जयपुर को चातुर्मास का सोभाग्य प्रदान कर कृतार्थ करें। उपस्थित सभी लोगों ने पूरे संघ के साथ आर्यिका वर्धस्वनन्दिनी माताजी व नव दीक्षित क्षुल्लिका सुधर्म नन्दिनी माताजी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर संरक्षक आरसी गर्ग व वीरेंद्र जैन के अलावा जयपुर के भक्त उपस्थित रहे।

## डॉ. दिनेश सामोता सम्मानित



**बेधड़क. जयपुर।** फिजियो इकॉन अवॉर्ड-2023 के तीसरे सीजन का आयोजन किया गया, जिसमें सभी राज्यों के फिजियोथेरेपिस्ट शामिल हुए। इस मौके पर डॉ. दिनेश सामोता (डायरेक्टर एल आर फिजियोथैरेपी हॉस्पिटल) को एक्सीलेंस क्लिनिकल प्रेक्टिस अवॉर्ड से नवाजा गया।

## ब्लड डोनर्स को किया सम्मानित



**बेधड़क. जयपुर।** डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी व मोनीलेक हॉस्पिटल की ओर से दयानंद नगर विकास समिति झालाना डूंगरी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदाताओं को सोसायटी अध्यक्ष डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा, जी.एल.वर्मा, दयानंद सक्करवाल, महेश धावनिया, गुरुप्रसाद लेखरा, बाबूलाल टाटीवाल, शिव शंकर छत्रपति आदि ने प्रशस्ति पत्र और हेलमेट देकर सम्मानित किया। शिविर में महेश कुमार एडवोकेट, राम किशन मेहरा, पूर्णानन्द मेहरड़ा, हितेश राही, रोहन, रोनक कुमार, विक्की रमन, सुशांत, आंचल, रोहित, मुस्कान, राहुल सुलानिया, नानग राम, लक्की व सचिन चौधरी आदि शामिल हुए।

# City इवेंट्स

## साहित्यिक पत्र 'बखत' का विमोचन



**बेधड़क, जयपुर।** साहित्यिक पत्र 'बखत' के 5वें अंक का विमोचन पिंक सिटी प्रेस क्लब में किया गया। कार्यक्रम आयोजक कमलेश तिवारी ने बताया कि विमोचन समारोह की अध्यक्षता आलोचक राजाराम भादू ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर हिन्दी कवि कृष्ण कल्पित ने शिरकत की। वहीं, विशिष्ट अतिथि कवि विनोद पदरज रहे। बखत का प्रत्येक अंक किसी एक लेखक के कृतित्व व व्यक्तित्व पर केन्द्रित होता है। सवाई सिंह शेखावत व डॉ. सत्यनारायण द्वारा संपादित पत्र का पहला अंक कवि राजेन्द्र बोहरा पर केंद्रित था। इस बार का अंक युवा कवि प्रभात पर केंद्रित है। सवाई माधोपुर के कवि प्रभात की कविताओं को न केवल प्रदेश, बल्कि देश भर में पढ़ा जाता है।

## जयपुर की बाइक गोवा में बनी विजेता



**बेधड़क, जयपुर।** गोवा में आयोजित हुए इंडिया बाइक वीक में मोड बाइक कैटेगरी में जयपुर के कुंवर कस्टम विजेता घोषित हुए। इवेंट हर साल गोवा में बाइक प्रेमियों के लिए होता है। इसमें देश भर से बाइकर्स ने अपनी बाइक का प्रदर्शन किया था। इस वर्ष प्रतियोगिता में के कुंवर कस्टम द्वारा कस्टमाइज्ड की गई मोटरसाइकिल रुस्तम का चयन हुआ, जिसके तहत उन्होंने प्रथम पुरस्कार की ट्रॉफी और 20 हजार रुपए का पुरुस्कार जीता। उन्होंने रुस्तम मोटरसाइकिल को रॉयल एनफील्ड क्लासिक 500 पर कस्टमाइज कर बॉबर लुक में बदला। बाइक ब्रास वर्क से फुली कवर्ड है। राजस्थानी कलाकृति भी प्रदर्शित की गई हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार वीक में एंट्री की थी।

## विजय सिंह को रेलमंत्री ने किया सम्मानित



बेधड़क, जयपुर। उत्तर-पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल के विजय सिंह (वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक-जयपुर मंडल) को रेल मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में अजमेर मंडल में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए 68वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (राष्ट्रीय) में सम्मानित किया गया। उन्हें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (राष्ट्रीय) दिया गया। मंडल रेल प्रबंधक विकास पुरवार ने बताया, कि सिंह के प्रयासों से अजमेर मंडल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कई उपलब्धियां हांसिल कीं। वे गति शक्ति के नोडल अधिकारी भी हैं और रिकॉर्ड समय में 2 गति शक्ति टर्मिनलों को कमीशन किया।

### वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन

## स्वास्थ्य बेहतर बनाने के लिए हजारों कदमों ने मिलाई ताल



**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी नगरी सूरज उगने से पहले ही धावकों की कदम ताल से गूंज उठी। हजारों कदमो ने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए एक साथ ताल मिलाई तो हर कोई उनके साथ हो लिया। नवनिर्वाचित सीएम ने उनको रवाना किया तो धावक रोमांचित हो उठे। मौका था वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन के 8वें संस्करण का, जिसमें 12 हजार रनर्स को रन फॉर जीरो हंगर के लिए एकजुट किया गया।

स्वास्थ्य व फिटनेस को बढ़ावा देने और सामाजिक कारणों के लिए जगरुकता फैलाने के लिए आयोजित हुई मैराथन में 1 लाख से अधिक फूड पैकेट जुटाए गए। मैराथन में रनर्स द्वारा प्रत्येक 1 किमी रन के साथ 1 बच्चे को 1 भोजन देने के अभियान में पैकेट जुटाए गए। ये भोजन 6 हजार नंद घरों के नेटवर्क में परोसा जाएगा। 21 किमी हाफ मैराथन, 10 किमी कूल रन और 5 किमी ड्रीम रन की 3 श्रेणियों में मैराथन में अरुण मिश्रा और डॉ. स्टीव मूर ने क्रमशः 21 किमी और 5 किमी ड्रीम रन में भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि हमारे दिल के करीब जीरो हंगर के लिए लोगों को एकजुट करने का एक तरीका रहा, क्योंकि कोई भी बच्चा भूखा नहीं सोना चाहिए।

### संत भंडारे के साथ हुई धनुर्मास की शुरुआत

## सनातन को बढ़ाने और बुराइयों को नष्ट करने का लिया संकल्प



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर में एक महीने तक आयोजित होने वाले धनुर्मास महोत्सव की शुरुआत संत भंडारे का साथ हुई। श्रीगलता जी में गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में शुरू हुए महोत्सव में जयकारों के साथ सैकड़ों संतों ने प्रसादी ग्रहण की। सभी संतों ने सनातन को आगे बढ़ाने और बुराइयों को जड़ से समाप्त कराने का संयुक्त रूप से संकल्प लिया। महोत्सव में रोजाना तिरुप्पावै के पासुरों को भगवान को विद्वानों द्वारा सुनाया जाएगा और बधाइयां गाईं जाएंगी।

चावलों से निर्मित व्यंजनों का भोग लगेगा। पहले, तीसरे, ग्यारहवें, पंद्रहवें, सोलहवें, सत्रहवें, अठारहवें, तेइसवें, चौबीसवें व सत्ताइसवें दिन चावलों से निर्मित विशेष व्यंजनों का विशेष भोग लगाया जाएगा। इस दौरान हजारों की संख्या में भक्त दर्शन करेंगे और संत होंगे।

संतों से आशीर्वाद लेने के अलावा उनसे जीवन की सीख ली जाएगी। इस दौरान शुरुआत के दिन राजकोट के रणछोड़दास बापू आश्रम के सहयोग से सैकड़ों संतों ने जयकारों के साथ कार्यक्रम में शिरकत की।

### सुनहरे गीत और कुछ यादें | बेला सुलाखे, मधुरा दातार और श्याम राज की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

## बॉलीवुड की शाम सजी तो हिट्स नंबर्स पर झूमे जयपुराइट्स





**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी नगरी में जब बॉलीवुड की दिलकश शाम सजी तो जयपुराइट्स हिट्स नंबर्स पर झूम उठे। हर उम्र के लिए तराने पेश किए गए तो हॉल बॉलीवुड के रंग में रंगा नजर आया। नजारा था बॉलीवुड गीतों से सराबोर 'सुनहरे गीत और कुछ यादें' कार्यक्रम का, जो बिड़ला ऑडिटोरियम में सिंगर राजेश शर्मा के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बॉलीवुड से गायिका बेला सुलाखे, मधुरा दातार और सेक्सोफोन वादक श्याम राज ने दिलकश प्रस्तुतियां दीं। संकल्प कल्चरल सोसायटी की शाम में जयपुर से राजेश शर्मा, डॉ. साकेत माथुर, जय शर्मा, डॉ. अनिल शर्मा, जया शर्मा, राजश्री सेमंत, किशोर सरावगी, सतीश जैन, सरिता काला और हेमंत सेकिया ने सुपर हिट गीतों से रंग जमाया।

#### सेक्सोफोन की आवाज का चला जादू

कार्यक्रम में सेक्सोफोन वादक श्याम राज को बॉलीवुड संगीत में उनके अपूर्व योगदान के लिए 'भक्त शिरोमणि मीरा बाई' सम्मान से नवाजा गया। उन्होंने जैसे ही इस वाद्य की धुन छेड़ी तो लोग वाह वाह कर उठे। उन्होंने 'ये जवानी है दीवानी ' गीत की धुन को दिलकश अंदाज में बजाकर वाहवाही लूटी। श्याम राज ने लक्ष्मी कांत प्यारे लाल, राजेश रोशन, आर. डी. बर्मन, आनंद मिलिंद, नदीम श्रवण, अदनान सामी, बप्पी लाहिड़ी जैसे संगीतकारों के गीतों में सेक्सफोन वादन कर पहचान कायम की है।

#### इन गानों ने जीता दिल

करीब ढाई घंटे अनवरत चले कार्यक्रम में जयपुर-मुंबई के कलाकारों ने 27 दिलकश गीतों की माला सजाई, लेकिन मस्त बहारों का मैं आशिक, चांद आहें भरेगा, सुहानी रात ढल चुकी, सुहाना सफर और ये मौसम हसीं, आने वाला पल जाने वाला है..., जैसे गीत ज्यादा पसंद किए गए

#### मोटिवेट करते थे किशोर कुमार

अमर गायक किशोर कुमार के साथ कई मंचीय कार्यक्रम दे चुकीं बेला सुलाखे को किशोर कुमार 'हमारी छोटी लता' कहकर पुकारते थे। वहीं, आशा भौंसले के गीतों को गाने में दक्ष मधुरा दातार बॉलीवुड में 'प्रति आशा' के नाम से जानी जाती हैं।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, सोमवार, 18 दिसंबर, 2023





स्वार्थ की अनुकूलता और प्रतिकूलता से ही मित्र और शत्रु बना करते हैं।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### यूक्रेन ने रूस के एक सैन्य हवाई अड्डे को बनाया निशाना

# रूस- यूक्रेन ने किए एक दूसरे पर ड्रोन अटैक

एजेंसी | कीव

रूस और यूक्रेन ने लगातार दूसरे दिन रविवार को एक-दूसरे के ठिकानों पर 12 से अधिक ड्रोन हमले किए। यूक्रेन ने रूस के एक सैन्य हवाई अड्डे को निशाना बनाया जबकि काला सागर तट के निकट ड्रोन का मलबा गिरने से यूक्रेन का एक नागरिक मारा गया।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने मैसेजिंग ऐप 'टेलीग्राम' पर जारी एक पोस्ट में कहा कि दक्षिण-पश्चिमी रूस के तीन क्षेत्रों में रात में यूक्रेन के कम से कम 35 ड्रोन को मार गिराया गया है। रूसी टेलीग्राम चैनल के अनुसार यूक्रेन द्वारा निशाना बनाए गए रूसी ठिकानों में उसका एक सैन्य हवाई अड्डा भी शामिल है, जहां बमवर्षक विमान रखे जाते हैं।

#### यूक्रेन का 20 ड्रोन मार गिराने का दावा

चैनल ने मकानों के ऊपर से उड़ते ड्रोन का लघु वीडियो भी पोस्ट किया। इसमें दावा किया गया कि यह रूसी शहर मोरोजोवस्क का है। इसी शहर में स्थित रूसी सैन्य हवाई अड्डे पर रूस के वायुसेना की 559वीं 'बॉम्बर एविएशन रेजिमेंट' तैनात है। रूस के रोस्तोव प्रांत के गवर्नर वसीली गोलुबेव ने एक अलग बयान में मोरोजोवस्क और पश्चिम में एक अन्य शहर के पास 'बड़े पैमाने पर ड्रोन हमलों' की जानकारी दी, लेकिन सैन्य हवाई अड्डे का जिक्र नहीं किया। गोलुबेव ने कहा कि अधिकतर ड्रोन मार गिराए गए और कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने नुकसान को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की। यूक्रेन की वायुसेना ने रविवार को कहा कि उसने दक्षिणी और पश्चिमी यूक्रेन में रूसी सैनिकों द्वारा रात में भेजे गए 20 ईरान निर्मित ड्रोन को मार गिराया।

### बड़ा हादसा: यूरोप जा रही नौका लीबिया के नजदीक पलटी

# समंदर में डूबी नाव, 61 प्रवासियों की गई जान

एजेंसी | काहिरा

लीबिया के तट पर प्रवासियों को ले जा रही नाव हादसे का शिकार हो गई। इसमें लगभग 61 लोगों के मारे जाने की आशंका है। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) के अनुसार, नाव में लगभग 86 लोग सवार थे, जो लीबिया के तटीय शहर जुवारा से यूरोप के लिए रवाना हुए थे। आईओएम ने जिंदा बचे लोगों का हवाला देते हुए बताया कि समुद्र की ऊंची लहरों की चपेट में आने के बाद नाव हादसे का शिकार हो गई। इस दौरान नाव पर सवार 61 लोग लापता हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, जहाज पर नाइजीरिया, गाम्बिया और अन्य अफ्रीकी देशों से महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 86 प्रवासी सवार थे।



#### पच्चीस लोगों को बचाया

आईओएम ने कहा कि इस हादसे में पच्चीस लोगों को बचाया गया है और उन्हें लीबिया के डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, जीवित बचे सभी लोग अच्छी स्थिति में हैं और उन्हें आईओएम कर्मचारियों से चिकित्सा सहायता प्राप्त हुई है। गौरतलब है कि भूमध्य सागर पार कर अफ्रीका से यूरोप जाने की कोशिश करने वाले प्रवासियों के लिए लीबिया मुख्य केंद्रों में से एक है।

#### इस साल रिकॉर्ड लोगों की मौत

आईओएम के एक प्रवक्ता ने कहा कि इस साल मारे गए लोगों की संख्या को अविश्वसनीय ढंग से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि समुद्र में लोगों की जान बचाने के पर्याप्त प्रयास नहीं किए गए। आईओएम का अनुमान है कि अकेले इस साल इस तरह के प्रयास के दौरान अब तक 2,200 से अधिक लोग डूबकर मर चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के अनुसार, इस वर्ष ट्यूनीशिया और लीबिया से 153,000 से अधिक प्रवासी इटली पहुंचे हैं।

### बंधकों की मौत पर तेल अवीव में प्रदर्शन

## इजराइल पर बढ़ा संघर्ष विराम का दबाव

एजेंसी | दीर अल-बलाह


गाजा पट्टी में इजराइली सैनिकों द्वारा गलती से तीन इजराइली बंधकों को गोली मारने की घटना के बाद इजराइल में सरकार विरोधी प्रदर्शन हुए हैं जबकि सहयोगी यूरोपीय देश उससे संघर्ष विराम की अपील कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान सरकार से अपील की गई कि वह बंधकों को रिहा कराने के लिए एक बार फिर गाजा पर शासन कर रहे हमास से वार्ता करे। जबकि इजराइल ने हमास को खत्म करने का संकल्प लिया है। अगले सप्ताह अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन इजराइल की यात्रा करेंगे और इस दौरान इजराइली सरकार पर गाजा में अपने अभियानों को धीमा करने का दबाव पड़ सकता है। इस बीच, रविवार को इजराइल में फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना ने तत्काल संघर्ष विराम की अपील की। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन और जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने कहा, 'अगर इजराइल इस युद्ध में फिलिस्तीनियों के साथ शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की संभावना को नष्ट कर देता है, तो वह इस युद्ध को नहीं जीत पाएगा।'

### पृथ्वी पर रेडियो सिग्नल में रुकावट

# सूरज में हुआ अब तक का बड़ा विस्फोट

एजेंसी | वॉशिंगटन

सूर्य अपने 11 साल के सौर चक्र के चरम पर पहुंच रहा है। इसके साथ ही सनस्पाट की घटनाएं तेजी से बढ़ने लगी हैं। हाल में ही वैज्ञानिकों ने सूर्य के सतह पर बहुत बड़े विस्फोट को रिकॉर्ड किया है। यह विस्फोट इतना तीव्र था कि इसे देखकर वैज्ञानिक भी दंग रह गए। इस विस्फोट के कारण सूर्य से बड़ी मात्रा में फ्लेयर्स निकले जिनसे पृथ्वी पर दो घंटे तक रेडियो सिग्नल में रुकावट आई। हालांकि, यह रुकावट कुछ घंटे बाद खत्म हो गई, लेकिन इससे सूर्य की उस शक्ति का पता चला है, जिसका हम आसानी से पता नहीं लगा सकते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, 2025 तक सूर्य में ऐसे विस्फोट और तेजी से होंगे, जिसका असर पृथ्वी पर देखने को मिलेगा।



#### सोलर डायनेमिक्स वेधशाला ने किया रिकॉर्ड

नासा ने बताया कि सूर्य की सतह पर हुए इस विस्फोट को सोलर डायनेमिक्स वेधशाला ने रिकॉर्ड किया। यह पिछले कई साल में देखा गया सबसे चमकदार सोलर फ्लेयर था। इससे पृथ्वी पर रेडियो सिग्नल में व्यापक व्यवधान पड़ा। इतनी तेज सोलर एक्टिविटी के कारण अमेरिका के कुछ हिस्सों सहित दुनिया के विभिन्न धूप वाले क्षेत्रों में रेडियो कम्युनिकेशन में दो घंटे तक गड़बड़ी आई। इस गड़बड़ी से सबसे ज्यादा प्रभावित विमानों को उड़ा रहे पायलटों को हुई। उन्होंने सबसे पहले कम्युनिकेशन में आ रही दिक्कतों को अनुभव किया।

#### अमेरिका के कई हिस्सो में दिखा असर

प्रमुख अमेरिकी सरकारी संस्था, स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर ने पूरे देश में सोलर फ्लेयर्स के व्यापक प्रभावों की पुष्टि की है। सौर विस्फोट एक सनस्पॉट वाले क्षेत्र में होता है, जिस पर वैज्ञानिक अब बारीकी से नजर रख रहे हैं। इससे कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) होता है। यह सूर्य से निकली प्लाज्मा के धरती की ओर आने से होता है। इसी से ध्रुवीय क्षेत्रों में अरौरा बनता है, जिसे हम रात के समय हरे रंग के आसमान के तौर पर देखते हैं। इस घटना का पता नासा की सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी ने लगाया, जो 2010 से पृथ्वी के चारों ओर काफी ऊंचाई पर चक्कर काट रहा है।

### 20 जनवरी को वाशिंगटन में होगा ऐतिहासिक उत्सव

# राम मंदिर निर्माण की खुशी में अमेरिका में कार रैली

एजेंसी | वॉशिंगटन

हिंदू अमेरिकी समुदाय के लोगों ने अयोध्या में राम मंदिर में अगले साल होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की खुशी में वॉशिंगटन के एक उपनगर में कार रैली का आयोजन किया गया।'फ्रेडरिक सिटी मैरीलैंड' के पास 'अयोध्या वे' में श्री भक्त अंजनेय मंदिर में हिंदू अमेरिकी समुदाय के लोग एकत्र हुए। इस रैली के साथ ही भारत में राम मंदिर के निर्माण की खुशी में महीने भर के कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई।

विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका डीसी इकाई के अध्यक्ष महेंद्र सापा ने कहा कि हिंदुओं के 500 वर्ष के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम मंदिर का उद्घाटन (मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा) किया जाएगा। इसी खुशी में अगले साल 20 जनवरी को लगभग 1,000 अमेरिकी हिंदू परिवारों के साथ वाशिंगटन में एक ऐतिहासिक उत्सव आयोजित करेंगे। उत्सव में राम लीला का आयोजन किया जाएगा। इसमें श्री राम की कथा, भजन कीर्तन और पूजा अर्चना की जाएगी। इस उत्सव में अलग-अलग आयुवर्ग के लोग भगवान श्री राम के जीवन पर आधारित लगभग 45 मिनट की ऐसी प्रस्तुति देंगे जो अमेरिका में पैदा हुए बच्चों को समझ आ सके। 20 जनवरी को आयोजित होने वाले उत्सव में सभी परिवारों को आमंत्रित किया है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl